संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 98 शनिवार 08 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### संगम में पेट्रोलिंग कर रहे एसपीजी कमांडो की ये हरकत हुई कैमरे में कैद



» सोशल मीडिया में छिड़ गयी चर्चा

**प्रयागराज,07 फरवरी 2025(ए)।** ड्यूटी पर तैनात देश के सबसे शक्तिशाली एसपीजी कमांडो ने भी संगम जल अपने ऊपर छिड़का। भारत में इन दिनों महाकुम्भ की धूम है और हर ओर इसको लेकर इतनी प्रकार की चर्चाएं हो रही है की सभी थोड़ा या ज्यादा धार्मिकता अनुभव कर ही रहे हैं। ऐसे में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें नौका पर संगम में पेट्रोलिंग करते एसपीजी कमांडो भी खुद को रोक ना सके और संगम जल से आचमन कर लिया। वीडियो में देखे जा सकता है की कमांडो अपने अन्य एसपीजी साथियों पर भी संगम जल छिड़क रहा है।

### नहीं रहे राम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल



**नई दिल्ली,07 फरवरी 2025(ए)।** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया है। अब तक की आई जानकारी के मुताबिक, कामेश्वर का निधन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल में हुआ है।

### महाकुंभ में इस्कॉन के किचन में लगी आग



3 सिलेंडर फटे,कई कॉटेज जलकर राख

**प्रयागराज,07 फरवरी 2025(ए)।** प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-18 शंकराचार्य मार्ग पर इस्कॉन के किचन में शुक्रवार सुबह आग लग गई। आग में कई कॉटेज जलकर राख हो गए। आग में कोई हताहत नहीं है।

### कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बीएस येदियुरप्पा को अग्रिम जमानत दी

» पीओसीएसओ मामले को खारिज करने से किया इनकार

**बैंगलुरू,07 फरवरी 2025(ए)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ बाल यौन अपराध संरक्षण के मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया, लेकिन उन्हें अग्रिम जमानत देकर अंतरिम राहत प्रदान की।



### आसाराम डॉक्यूमेंट्री विवाद पर केंद्र राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2025(ए)।** उच्चतम न्यायालय ने डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'कल्ट ऑफ फियर÷ आसाराम बापू' विवाद मामले में डिस्कवरी चैनल कर्मचारियों को कथित तौर पर धमकियां देने के आरोप वाली उनकी याचिका पर केंद्र और अन्य राज्य सरकारों को गुरुवार को नोटिस जारी किया।



# अवैध भारतीय प्रवासियों का मामला गर्माया

» अमेरिका ने कैदियों की तरह अवैध भारतीय प्रवासियों को निकाला

» यूएस से इतने और अवैध भारतीय प्रवासी होंगे डिपोर्ट



**नई दिल्ली,07 फरवरी 2025(ए)।** केंद्र सरकार ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों ने वहां रह रहे 487 और अवैध भारतीय प्रवासियों की पहचान की है और उन्हें जल्द ही भारत वापस भेज दिया जाएगा। इसी बीच भारत ने निर्वासित होने वाले भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार की आशंका पर चिंता जताई है। अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट किए जाने को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि विदेश मंत्री ने अमेरिकी अधिकारियों द्वारा शेयर किए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर की जानकारी दी है। विक्रम मिस्री ने कहा कि विदेश मंत्री ने ध्यान दिलाया कि यह प्रक्रिया लंबे समय से चली आ रही है। हालांकि, निर्वासित प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार का मुद्दा एक गंभीर विषय है, जिसे हमने अमेरिकी अधिकारियों के सामने उठाया है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि अमेरिका ने भारत को 487 संभावित भारतीय नागरिकों के बारे में सूचित किया है, जिन्हें निष्कासन आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने अमेरिकी प्रशासन को स्पष्ट कर दिया है कि निर्वासित भारतीयों के साथ कोई भी अमानवीय व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अगर किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार की जानकारी हमें मिलती है, तो हम इसे तुरंत उच्च स्तर पर उठाएंगे।इसके अलावा विदेश सचिव ने अवैध प्रवास को बढ़ावा देने वाले गिरोहों और नेटवर्क्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें पूरे सिस्टम में मौजूद उस ईकोस्सिटम पर कार्रवाई करने की जरूरत है, जो अवैध इमिग्रेशन को बढ़ावा देता है।

#### अमेरिका जाएंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 फरवरी को दो दिवसीय अमेरिकी दौरे पर जाएंगे। पीएम मोदी का अमेरिकी दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब कथित अवैध भारतीयों को निकाले जाने के दौरान हुई बदसलूकी को लेकर बवाल मचा हुआ है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने अमेरिका से 100 से अधिक अवैध प्रवासी भारतीयों को वापस भेजे जाने और उनके साथ कथित तौर पर अमानवीय व्यवहार किए जाने के खिलाफ बृहस्पतिवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया था।

पीएम मोदी के विदेश दौरे की बात करें, तो वह इस महीने दो महत्वपूर्ण विदेशी यात्राएं करेंगे। वे 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा करेंगे और इसके तुरंत बाद 12 से 13 फरवरी को अमेरिका का आधिकारिक दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान भारत और इन दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और सशक्त बनाने पर चर्चा होगी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के देश के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी।

#### साल 2012 से लागू है हथकड़ी की नीति

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ये भी जानकारी दी है कि अमेरिका में साल 2012 से ही अवैध प्रवासियों को हथकड़ी लगाकर वापस भेजने की नीति लागू है। इस सवाल पर कि क्या भारत ने 2012 में विरोध दर्ज कराया था इसपर मिस्री ने कहा- ''मुझे नहीं लगता कि कोई विरोध जताया गया था। हमारे पास आपत्ति के संबंध में कोई रिकॉर्ड नहीं है।''

#### भारत ने अमेरिका के समक्ष चिंता व्यक्त की

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शुक्रवार को अवैध प्रवासियों को हथकड़ी लगाकर भेजे जाने से संबंधित सवाल पर बताया है कि इस मुद्दे पर भारत ने अमेरिका के समक्ष चिंता व्यक्त की है। मिस्री ने कहा- ''हमने अपनी चिंताओं से अमेरिका को अवगत कराया है कि इस प्रकार के व्यवहार से बचा जा सकता है।''

#### अमेरिका ने 487 भारतीयों को चिह्नित किया

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने जानकारी दी है कि अमेरिका ने 487 भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट करने के लिए चिह्नित किया है और 298 लोगों की डिटेल भारत के साथ साझा की है। जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। विक्रम मिस्री ने आगे कहा कि भारत ने अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष लगातार जोर देकर कहा है कि भेजे जाने वाले प्रवासियों के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। मिस्री ने कहा- ''हमारे ध्यान में दुर्व्यवहार का कोई भी मामला सामने आने पर हम उसे उठाते रहेंगे।

## जल्द नेशनल हाईवे पर चलने वाले वाहनों पर लगने वाले टोल पर बड़ी राहत की घोषणा



**नई दिल्ली,07 फरवरी 2025(ए)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले वाहनों पर लगने वाले टोल पर यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर यूजर्स को लाभ पहुंचाने के लिए एक यूनिफॉर्म टोल नीति पर काम कर रही है। गडकरी ने एनडीटीवी से कहा, हमारी रिसर्च पूरी हो चुकी है और स्कीम की जल्द घोषणा की जाएगी।÷ केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जी एनएसएस) आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम शुरू करने पर काम कर रही है। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात का प्रवाह सुगम होगा।

गडकरी ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर टोल कलेक्शन को लेकर उन पर मीम्स बन रहे हैं। इंटरव्यू में गडकरी ने कहा, ÷सोशल मीडिया पर कई लोग ट्रोल कर रहे हैं। कुछ लोग टोल को लेकर गुस्सा भी हैं। मैं बस यह कहना चाहता हूं कि टोल को लेकर ये गुस्सा कुछ दिनों में समाप्त हो जाएगा।÷ भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 1,46,195 किमी है। देश का टोल कलेक्शन 2023-24 में 64,809 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय मंत्री गडकरी का बयान ऐसे समय पर आया है, जब करीब एक हफ्ते पहले आए आम बजट 2025-26 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर 12.75 लाख रुपये तक कर दिया गया है। इससे सरकार की आय एक लाख करोड़ रुपये कम होगी। वहीं, दूसरी तरफ आम आदमी के हाथ में अधिक पैसा बचेगा और लोग पहले के मुकाबले अधिक खर्च कर पाएंगे। गडकरी ने आगे कहा कि यमुना को साफ किया जाएगा और नदी के दिल्ली हिस्से को सीप्लेन के लिए लैंडिंग स्ट्रिप के रूप में भी इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुजरात में साबरमती पर यह पहले ही सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

## दिल्ली चुनाव के परिणाम को लेकर अब आया फलोदी सट्टा बाजार का आंकड़ा



» फलोदी सट्टा बाजार के अनुसार आप को 38-40 सीटें मिलने की संभावना

» कुछ एग्जिट पोल्स ने भाजपा की वापसी के संकेत दिए हैं

» अंतिम परिणाम 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2025(ए)।** देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर काउंटडाउन शुरू हो चुका है। लेकिन रिजल्ट आने से पहले ही सियासी गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है। सत्ताधारी पार्टी आम आदमी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा पर खरीद फरोख्त का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा नेताओं की मानें तो आप नेताओं को हार नजर आ रही है जिसके चलते ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। दूसरी ओर एग्जिट पोल ने करीब 26 साल बाद भाजपा की वापसी के संकेत दिए हैं। वहीं, सट्टा बाजार में एग्जिट पोल के उलट एक बार फिर दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते दिखाई दे रही है। मतदान के बाद जारी हुए फलोदी सट्टा बाजार के नए भावों की बात करें तो दिल्ली में आप आदमी पार्टी की सरकार स्पष्ट बहुमत के साथ बनती नजर रही है। बाजार का अनुमान है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी 36 से 38 सीटें जीत सकती हैं। वहीं बाजार का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के खाते में 32 से 34 सीटें जा सकती है।

## ममता कुलकर्णी के बाद इस हसीना ने ली महाकुंभ में संन्यास दीक्षा



**प्रयागराज,07 फरवरी 2025(ए)।** प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में इस बार साधु संतों के साथ-साथ कई चेहरे चर्चा में बने हुए हैं। संगम के अमृत जल में डुबकी लगाने के लिए देश-विदेश से लोग आ रहे हैं। इन दिनों बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी महामंडलेश्वर बनने को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। ममता के बाद अब मिस इंडिया रह चुकी एक और हसीना का नाम इस लिस्ट में जुड़ गया है। दीक्षा देने वाली वो एक्ट्रेस कोई और नहीं, बल्कि मिस वर्ल्ड टूरिज्म और मिस इंडिया रह चुकीं इशिका तनेजा हैं। इशिका ने अब सनातनी शिष्या बन गई है और दीक्षा हासिल की है। इशिका ने द्वारका-शारदा पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती से गुरु दीक्षा ली है। इशिका अब श्री लक्ष्मी बन चुकी हैं। इशिका की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें वो भगवा चोला पहने सनातन के प्रचार प्रसार करती नजर आ रही हैं।

## स्वास्थ्य विभाग में मचा खूनी खेल

» नहीं मिली छुट्टी तो सरकारी कर्मचारी ने अपने 3 साथियों को घोंपा चाकू, सभी की हालत नाजुक



**कोलकाता,07 फरवरी 2025(ए)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता की सड़कों पर सनकी सरकारी कर्मचारी आतंक देखने को मिला। छुट्टी नहीं मिलने से हेल्थ डिपार्टमेंट का सरकारी कर्मचारी इतना अधिक खफा हो गया कि सनक में अपने ही 3 साथियों पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अपने ऑफिस में छुट्टी के लिए आवेदन किया था, लेकिन किसी कारणवस उसकी छुट्टी मंजूर नहीं हुई। इससे युवक आक्रोशित हो गया था। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आरोपी हाथों में चाकू लिए घूमता नजर आ रहा है। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है।



## उद्धव गुट के 6 सांसद शिंदे गुट में हो सकते हैं शामिल

**मुंबई,07 फरवरी 2025(ए)।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा उलटफेर होने के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 9 में से 6 सांसद एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं। इसे 'ऑपरेशन टाइगर' का नाम दिया जा रहा है, जिसके तहत ठाकरे गुट में टूट की संभावना जताई जा रही है।

## बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी



**मुंबई/लुधियाना,07 फरवरी 2025 (ए)।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। लुधियाना की एक अदालत ने अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह वारंट न्यायिक मजिस्ट्रेट रमनप्रीत कौर की अदालत ने जारी किया है।

यह मामला लुधियाना के वकील राजेश खन्ना द्वारा दायर किया गया है, जिसमें मोहित शुक्ला नामक एक व्यक्ति पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है।

## सूअर के लिए लगाया था ट्रैप,बाघ फंसा, हुई उसकी मौत

उमरिया जिले में बाघ की मौत इलेक्ट्रिक ट्रैप में फंसने से



**उमरिया,07 फरवरी 2025(ए)।** उमरिया जिले में बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य (बीटीआर) के बफर जोन में बृहस्पतिवार को एक वयस्क बाघ की मौत इलेक्ट्रिक ट्रैप में फंसकर हो गई। मृत बाघ को नदी के किनारे दबा हुआ पाया गया। इस घटना की जानकारी वन विभाग के एक अधिकारी ने दी। बीटीआर के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम सहाय ने फोन पर %पीटीआई-भाषा को बताया कि पनपथा वनक्षेत्र में जंगली सूअर का शिकार करने के लिए रामचरण कोल और पांडु कोल नाम के दो लोगों ने बिजली के करंट वाले तार बिछाए थे, जिसमें बाघ फंस गया और उसकी मौत हो गई।सहाय ने आगे बताया कि बाघ के सड़े हुए शरीर के सभी अंग बरकरार थे, जिससे पता चलता है कि बाघ का निशाना नहीं था। अधिकारियों के अनुसार, बाघ की मौत तीन से चार दिन पहले हुई थी और डर के कारण दोनों लोगों ने मृत बाघ को सुखदास गांव के पास भदर नदी के किनारे दफना दिया था। रामचरण कोल और पांडु कोल को इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया है।



## जोमैटो ने बदला अपना नाम

अब इस नाम से मिलेगी नई पहचान, कंपनी ने क्यों लिया ये बड़ा फैसला

**नई दिल्ली ,07 फरवरी 2025(ए)।** फूड टेक कंपनी जोमैटो ने अपना नाम बदलकर ईटर्नल कर लिया है। कंपनी के बोर्ड ने इस बदलाव को मंजूरी भी दे दी है।

## सरकार अब अस्थायी कर्मचारियों को भी देगी पेंशन

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2025 (ए)।** केंद्र सरकार ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ जुड़कर सेवा प्रदान कर रहे असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों (गिग वर्कर) को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन का लाभ देने जा रही है। इसके लिए ऐसे कर्मचारियों को ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना के दायरे में लाने की दिशा में काम हो रहा है। इस संबंध में कैबिनेट की मंजूरी के लिए जल्द ही एक प्रस्ताव पेश किए जाने की तैयारी है। मंजूरी मिलने के बाद पहले वर्ष में ही देशभर में करीब एक से सवा करोड़ कर्मचारियों को पेंशन योजना का लाभ मिलेगा।

## संपादकीय

## वक्फ संपत्ति पर विवाद

वक्फ कानून में संशोधन को लेकर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति की आखिरी बैठक में जबरदस्त हंगामा हुआ। दस विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद बैठक सुचारू रूप से चली।भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के चौदह प्रस्ताव पारित कर दिए, जबकि विपक्ष के तरफ रखे सभी 44 प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। वक्फ बोर्ड से प्रस्तावित दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को हटाने के सुझाव प्रमुख थे, जिन्हें नामित करने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। वक्फ संपत्ति पर विवाद होने पर कलेक्टर स्तर का अधिकारी जांच करेगा। यह कानून पिछले मामलों पर लागू नहीं होगा। जो वक्फ की संपत्तियां पंजीकृत नहीं हैं, उनका पंजीकरण शुरू होगा।जिन संपत्तियों पर वक्फ का कब्जा है, वे वापस मालिकों को मिल सकेंगी। आरोप लगाया जा रहा है कि ये प्रस्तावित कानून विधेयक के दमनकारी चरित्र को बरकरार रखेगा और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने प्रयास करेगा। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चोट पहुंचाने का आरोप लगा रहा है। वे संसद से मंजूरी मिलने पर सुप्रीम कोर्ट जाने की धमकी दे रहे हैं।जैसा कि भाजपा कांग्रेस के वोट बैंक की राजनीति में सुराख करने व गरीब मुसलमानों को उनका हक दिलाने के नाम पर इसे कानून बनाने की मशक्कत लंबे समय से कर रही है। तमाम विरोधों के बावजूद कुछ लोग कब्रिस्तान में होने वाले अतिक्रमणों व जबरन की जा रही अनधिकृत कब्जेदारी से निजात पाने के लिए इस निर्णय से खुश भी हैं। वक्फ संपत्तियों के प्रशासन व प्रबंधन के उद्देश्य से संशोधन विधेयक 2024 को लेकर अभी भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं।अनुमान है कि 2009 में वक्फ के पास चार लाख एकड़ जमीन थी, जो आठ लाख एकड़ तक जा पहुंची है। इनमें कब्रगाहों के अतिरिक्त मदरसों व मस्जिदों की जमीनें बताई जाती हैं। हालांकि धारा 104 ए पहले ही वक्फ संपत्ति की बिक्री, उपहार, किसी भी तरह के बंधन या हस्तांतरण को प्रतिबंधित करता है। मगर वक्फ को दिए गए अधिकारों को लेकर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं।चूंकि मोदी सरकार समुदाय विशेष के साथ पक्षपाती रवैया रखती है इसलिए उसके द्वारा लिए गए कोई भी निर्णय संदेह से परे नहीं माने जाते। विपक्ष को अपनी बात सलीके से रखनी चाहिए परंतु उसकी अनसुनी किया जाना तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। समिति को एकतरफा निर्णय लेने की बजाए मध्यमार्ग अपनाने के प्रति जबावदेह होना चाहिए।

# अवैध प्रवासन को सहानुभूति और तत्परता से हल करे भारत



**डॉ सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

भारत ने बिना दस्तावेज़ वाले भारतीयों को तब तक स्वीकार करने पर सहमति जताई है, जब तक उनकी राष्ट्रीयता सत्यापित हो जाती है और इसने द्विपक्षीय सम्बंधों से समझौता किए बिना आव्रजन मुद्दे को संभालने के लिए कूटनीतिक प्रयास किए हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत की स्थिति से अवगत कराया। चूँकि अवैध आव्रजन मानव तस्करी और संगठित अपराध से जुड़ा हुआ है, इसलिए भारत इसका विरोध करता है। 2024 में, भारतीय नागरिकों को 1 मिलियन से अधिक वीज़ा मिले, जिनमें ऐतिहासिक रूप से उच्च संख्या में व्यवसाय और छात्र वीज़ा शामिल हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में, भारतीय पेशेवरों को सभी एच-1बी वीज़ा का 72 प्रतिशत प्राप्त हुआ। कुछ बदलावों की संभावना के बावजूद, ट्रम्प ने वादा किया है कि एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम लागू रहेगा। राजनीतिक प्रतिशोध को रोकने के लिए, भारत ने गुप्त निर्वासन प्रक्रियाओं का अनुरोध किया है। भारतीय प्रवासन पहलों पर संभावित सीमाओं के बारे में अभी भी चिंताएँ हैं। अमेरिका द्वारा अवैध अप्रवासी होने के कारण दर्जनों भारतीयों को निर्वासित करना न तो आश्चर्यजनक है और न ही नया। अमेरिका ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले लोगों की पहचान करने, उन्हें हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए, आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने अपने कार्यों को तेज कर दिया है, जिसमें निर्वासन भी शामिल है। गुजरात, पंजाब और हरियाणा के भारतीय उन लोगों में से हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। नौकरी की कमी और आर्थिक कठिनाई के कारण, कनाडा और मैक्सिको के माध्यम से अवैध रूप से लोग अमेरिका प्रवेश करते है। भारतीय सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कानूनी प्रवास मार्ग हों। अमेरिकी आव्रजन नीतियों का भारतीय पेशेवरों और छात्रों पर क्या संभावित प्रभाव हो सकता है? यू.एस. प्रतिबंध भारतीय नागरिकों पर लागू नहीं होते हैं। इन अधिकृत रास्तों में छात्र और कुशल श्रमिक एच-1बी वीजा शामिल हैं। यू.एस. एस और भारत दोनों ही अनधिकृत आव्रजन को हतोत्साहित करने के लिए काम कर रहे हैं, 2024 में निर्वासित भारतीयों की संख्या 2021 में 292 से बढ़कर 2024 में 1, 529 हो गई। संयुक्त राज्य अमेरिका में, लगभग 725, 000 अनिर्दिष्ट भारतीय हैं। ज्यादातर गुजरात और पंजाब से। पिछले साल नवंबर तक, 20, 407 अनिर्दिष्ट भारतीयों को या तो अमेरिकी हिरासत सुविधाओं में हिरासत में लिया गया था या उन्हें अंतिम निष्कासन आदेशों का सामना करना पड़ा था। निर्वासन का संयुक्त राज्य अमेरिका पर भी प्रभाव पड़ेगा? निर्माण और आतिथ्य जैसे उद्योग जो अप्रवासी श्रम पर निर्भर हैं, उन्हें श्रमिकों की कमी का अनुभव हो सकता है। उदाहरण के लिए, भारतीय मज़दूर यू.एस. आईटी और सेवा क्षेत्रों में पर्याप्त योगदान देते हैं। बड़े पैमाने पर निर्वासन यू.एस. पर दबाव डाल सकता है। हजारों भारतीयों का निर्वासन एक राजनीतिक मुद्दा बन सकता है, विपक्षी दल सरकार पर घर पर पर्याप्त रोजगार के अवसर प्रदान नहीं करने का आरोप लगा सकते हैं। इसका भारत के राजनीतिक परिदृश्य पर निसंदेह प्रभाव पड़ सकता है? बड़े पैमाने पर निर्वासन भारत-अमेरिका सम्बंधों पर दबाव डाल सकता है, खासकर अगर निर्वासितों को गंभीर व्यवहार का सामना करना पड़ता है, जो राजनयिक कार्यवाही को बढ़ावा देता है। सैन्य विमानों के उपयोग और क्रूर व्यवहार के आरोपों से अमेरिका विरोधी भावना भड़क सकती है, जैसे कि जंजीरों में जकड़ना। गुजरात, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में राजनीतिक अशांति हो सकती है, जहाँ बड़ी संख्या में निर्वासित हैं। स्थानीय सरकारों पर नौकरी देने और पुनः एकीकरण में सहायता करने का दबाव हो सकता है। अवैध रूप से प्रवास करने की कोशिश करने वालों के लिए, भारत सरकार मानव तस्करी संगठनों और अवैध आव्रजन के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए मजबूर हो सकती है। अनिर्दिष्ट प्रवासियों के व्यापक प्रत्यावर्तन का परिवार के वित्तीय समर्थन, प्रेषण और भारतीय प्रवासियों के बारे में आम जनता की राय पर प्रभाव पड़ सकता है।



गिरफ़्तारियों में वृद्धि के कारण कई भारतीय अनिर्दिष्ट कर्मचारी सार्वजनिक क्षेत्रों से दूर रहने लगे हैं। कम वेतन वाले उद्योगों में, घरों और रोज़गार के स्थानों पर नज़रबंदी ने अर्थव्यवस्था पर दबाव डाला है। एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है, क्योंकि प्रायोजन की ज़रूरतें बदल सकती हैं। कई भारतीय छात्र वीज़ा नवीनीकरण के बारे में सख्त नियमों से डरते हैं। वैध प्रवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए, भारत स्थिति पर सावधानीपूर्वक नज़र रख रहा है। अमेरिकी विधायकों के साथ राजनयिक बातचीत का लक्ष्य रोज़गार-आधारित आव्रजन नीतियों को बनाए रखना है। ट्रम्प प्रशासन ने अनिर्दिष्ट प्रवासियों पर अपनी कार्यवाही के तहत निर्वासित लोगों की संख्या में वृद्धि की है। माना जाता है कि 7, 25, 000 भारतीय अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं और 20, 407 अनिर्दिष्ट भारतीयों को निकालने का लक्ष्य बनाया गया है। भारत अनिर्दिष्ट अप्रवासियों को वापस भेजने के लिए सहमत है, बशर्ते उनकी नागरिकता की पुष्टि हो। ट्रम्प ने उन देशों को टैरिफ़ लगाकर अनुपालन करने के लिए मजबूर किया है जो निर्वासित प्रवासियों को लेने से इनकार करते हैं। हालांकि कुशल श्रमिकों के प्रवास के सम्बंध में नीतिगत परिवर्तन अपेक्षित हैं, लेकिन एच-1बी वीजा धारकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।
ऐसे में भारत विशिष्ट आर्थिक सुधार लागू करें, प्रवास की उच्च दर वाले राज्यों (गुजरात, पंजाब और हरियाणा) में रोजगार बढ़ाएँ और अवैध प्रवास को बढ़ावा देने वाले अंतर्निहित मुद्दों जैसे कि बेरोज़गारी और कृषि कठिनाई से निपटें। कुशल प्रवास के लिए सुरक्षित और कानूनी मार्ग बढ़ाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ द्विपक्षीय समझौतों का उपयोग करते हुए अवैध आव्रजन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाएँ। निर्वासित लोगों के लिए समान उपचार की गारंटी देने के लिए, भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए अनुकूल वीज़ा नीतियों पर बातचीत करें और कार्यबल गतिशीलता समाधानों पर यू.एस.एस. के साथ सहयोग करें। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने सैन्य विमानों का उपयोग करके अनिर्दिष्ट भारतीय प्रवासियों को निर्वासित करते हुए अपने आव्रजन अभियान को आगे बढ़ाया है। इस क़दम से हजारों भारतीय नागरिक प्रभावित हैं, क्योंकि अमेरिका में अनुमानित 7, 25, 000 अनिर्दिष्ट भारतीय हैं। हालांकि, भारत ने पेशेवरों और छात्रों के लिए वैध प्रवास मार्गों को सुरक्षित रखने के लिए अवैध अप्रवासियों की नागरिकता की पुष्टि के बाद उन्हें वापस भेजने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका की अपनी अगली यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार, आव्रजन और कूटनीतिक सहयोग के बारे में उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# अमेरिका अपने नियम कानून से चलेगा,भारत को भी घुसपैठियों से ऐसे ही निपटना होगा



**संजय सक्सेना,**
लखनऊ,उत्तरप्रदेश

संसद से सड़क तक विपक्ष ने अपना गोल पोस्ट फिर से बदल लिया है। कल तक महाकुंभ में भगदड़ हादसे पर जमीन-आसमान एक किये विपक्षी नेताओं की जमात अब अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को वहां से भारत भेजे जाने पर सियासत तलाशने लगा है। संसद के बजट सत्र में महाकुंभ हादसे को पीछे ढकेल कर विपक्ष अब लगातार अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों के निर्वासन को मुद्दा बनाने लगे हैं।संसद के बाहर हो-हल्ला तो बाहर धरना दिया जा रहा है। लोकसभा में विपक्षी सांसद हंगामा करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। विपक्ष के तमाम सांसद संसद भवन परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं। लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर हंगामा देखने को मिल रहा है। विपक्ष के सांसदों ने प्रश्नकाल के दौरान भारतीयों के डिपोर्ट का मुद्दा उठाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई कहते हैं कि अमेरिका सरकार के इस रवैये से बेहद दुखी हूं। भारत और अमेरिका के बीच संबंध अच्छे हैं लेकिन उन्होंने जिस तरीके से 100 से ज्यादा भारतीयों को मिलिट्री प्लेन से भेजा है, वो पूरी तरह से अमानवीय है। विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री को इस पर अपनी बात रखनी चाहिए। विपक्ष ट्रम्प और मोदी के रिश्तों को लेकर भी तंज कस रहे है। लगता नहीं है कि यह सियासत जल्दी थम जायेगी। क्योंकि अभी अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे करीब 150 और भारतीयों को भी अमेरिका से निकाला जाना है। वैसे यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका में वैध तरीके से रह रहे करीब सात लाख भारतीय बिना भेदभाव के वहां अपना जीवनयापन कर रहे हैं। एक तरफ सिसासतदारों का एक धड़ा अमेरिका के रवैये की आलोचना करके मोदी सरकार को घेर रहा है तो वहीं कुछ बुद्धिजीवी पूछ रहे हैं भारत सरकार, अमेरिका से सबक लेकर कब यहां यह रहे गैर भारतीयों को देश से निकालेगी। एक मोटे अनुमान के अनुसार भारत में करीब पांच करोड़ लोग अवैध रूप से रह रहे हैं,जिनके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर तुष्टिकरण की सियासत के चलते कुछ राजनैतिक दलों के आकाओं द्वारा इन्हें उन्हें पाला पोसा जा रहा है। उनके आधार और पैन कार्ड बनवाये जा रहे हैं। वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराया जा रहा है। जबकि यह घुसपैठिये कई आपराधिक वारदातों में लिप्त मिल जाते हैं।



विपक्ष को इस लिये सियासत चमकाने का मौका मिल गया क्योंकि अमेरिका से डिपोर्ट किए गए सभी भारतीयों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर अमेरिकी एयरक्राफ्ट में भारत लाया गया था। हालांकि अमेरिका सरकार की ओर से इस तरह क्यों किया गया, यह बड़ा सवाल है। भारत सरकार की ओर से इस पूरे प्रकरण पर राज्यसभा में प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने संसद में कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। साल दर साल यह होता रहा है। इस तरह (यानी हाथ में हथकड़ी और पैरों में बेड़िया) डिपोटेशन करने का तरीका नया नहीं है। अमेरिका ने अपने नियमों के अनुसार कार्रवाई की। खैर, सियासत के बीच एयरक्राफ्ट से उतरने के बाद सभी भारतीयों को कस्टम व इमीग्रेशन चेकिंग के लिए भेज दिया गया। उक्त विभागों की ओर से सभी के दस्तावेजों और बैकग्राउंड की चेकिंग की जा रही है, ताकि पता चल सके कि जो भी अवैध तरीके से रह रहे थे, उनके खिलाफ भारत के किसी भी राज्य या शहर में कोई आपराधिक केस दर्ज है या नहीं। अगर किसी के खिलाफ इस तरह का कोई रिकार्ड पाया जाता है तो उसे तुरंत हिरासत में ले लिया जाएगा और कानून के मुताबिक बनती कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच चल रही है।अमेरिका से भारत लाए गए 104 भारतीयों में गुजरात 33, हरियाणा के 34, पंजाब के 30, महाराष्ट्र के तीन, उतर-प्रदेश-चंडीगढ़ के 2-2 लोग शामिल हैं। इनमें आठ से दस साल के कुछ बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, अमेरिका सरकार की ओर से कुल 205 लोगों की लिस्ट जारी की गई थी। बाकी के लोग कब आएंगे, फिलहाल इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं है।बहराल, अमेरिका से भारत लौट रहे अवैध प्रवासियों की पहली फ्लाइट चर्चा में जरूर है,इस पर सियासत भी खूब हो रही है, लेकिन इस वापसी के पीछे भारत को एक और बड़ा फायदा होने वाला है। पंजाब पुलिस ने लगभग 100 कुख्यात अपराधियों की पूरी हिस्ट्री तैयार कर ली है, जिनमें से 20 के अमेरिका में छिपे होने की आशंका है। अब यह संभावना बढ़ गई है कि अमेरिका से अपराधियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया भी तेज हो सकती है।

बता दें अमेरिका में भारत के कई मोस्ट वांटेड अपराधी छिपे हुए हैं। इनमें सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी अनमोल बिश्नोई (गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई), पुलिस प्रतिष्ठानों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल हैप्पी पासिया, ड्रग तस्कर सरवन भोला, और गोपी नवांशहरिया जैसे नाम शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू भी पंजाब में हिंसा फैलाने और अवैध प्रवास को बढ़ावा देने में शामिल हैं, ऐसे में उसके तैयार किए गए गुर्गे भी इस वापसी में शामिल हो सकते हैं। इस लिहाज से अमेरिका द्वारा अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की शुरुआत इस दिशा में भी मददगार साबित हो सकती है।अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को लेकर विमान सी-17 बुधवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। विमान ठीक 2 बजकर 15 मिनट पर अमृतसर एयरपोर्ट पर एविएशन क्लब की तरफ लैंड करवाया गया। इसमें 104 भारतीय सवार थे। सभी को हथकड़ी लगाकर अमेरिका सेना की देखरेख में भेजा गया है।इस विमान ने मंगलवार को अमेरिका के टेक्सास के सैन एंटोनियो से उड़ान भरी थी, जोकि करीब 35 घंटे की उड़ान भरकर अमृतसर पहुंचा। वहीं, विमान पहुंचने से ठीक पहले भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकार भी एयरपोर्ट पर पहुंच गए। इनमें मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर, गृह विभाग, भारतीय सेना सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं।

उधर, 05 फरवरी को अमेरिकी विमान के अमृतसर पहुंचने के बाद एविएशन क्लब में ही अमेरिका से आए अधिकारियों और भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मीटिंग की गई। हालांकि मीटिंग किन मुद्दों पर रही, इस पर अभी किसी भी अधिकारी की ओर से पुष्टि नहीं की गई, लेकिन सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के अधिकारियों के समक्ष अवैध तौर पर आने वाले लोगों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। साथ ही भविष्य में इस पर रोक लगाने के लिए कहा है। इसके अलावा जो एजेंट लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने का काम कर रहा है। उन पर भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## कविता
## चाय का एक कप

घटती-घटना



**प्रो.शामलाल**
रोहतक
हरियाणा



चाय के एक कप की बहुत अहमियत है
मेहमान को एक कप चाय पिलाओ
मेहमान आओ भगत से खुश हो जाएगा।
आपने अपना खाली समय काटना हो तो
एक कप चाय पियो समय कट जाएगा!
किसी का आपने मान सम्मान करना हो
उसे एक कप चाय बड़े होटल में पिलाओ
और उससे बदले में
कोई भी काम करा लो।
अगर रात को देर तक
बैठकर काम करना हो
एक कप चाय पियो
नींद आनी बंद हो जाएगी।
अगर किसी अफसर की
फेयरवेल पार्टी करनी हो
सभी मिलकर जाते-जाते
एक कप चाय पिला दो
जाने वाला अफसर
खुश होकर ही जाएगा।
आजकल जब किसी की
रस्म 13 वीं होती है ना
तब भी आए हुए लोगों को
कप चाय पिलाई जाती है!
आजकल हमारा लाइफस्टाइल ही
ऐसा बन गया है
सुबह उठकर जब तक
एक कप चाय ना पिओ
कोई कमी महसूस होती है
और नींद ही नहीं खुलती।
बाहर से कहीं से सफर करके
थक कर आओ ना
तो जब तक एक कप
चाय ना पिओ बात नहीं बनती।
आजकल स्कूलों और
कालजों में भी फाइनल वालों
को जूनियर चाय पार्टी करके ही
विदा करते हैं।
यह सारी कविता लिखते लिखते
मेरा दिल भी एक
कप चाय पीने को हो गया है,
तब मजा आ जाएगा।

# कोटा से मिटाने होंगे आत्महत्याओं के दाग



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,राजस्थान

राजस्थान का कोटा शहर जितना शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है। अब उतना ही यहां के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं के कारण देश भर में बदनाम हो रहा है। हालांकि कोटा में छात्र आत्महत्याओं के मामले यहां पर कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या की तुलना में बहुत कम है। मगर यहां पढ़ने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पिछले जनवरी माह में ही कोटा में 6 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसी साल 8 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी छात्र नीरज, 9 जनवरी को गुना मध्य प्रदेश के अभिषेक लोधा, 15 जनवरी को उड़ीसा के अभिजीत गिरी, 18 जनवरी को बूंदी जिले के मनन जैन, 22 जनवरी को अहमदाबाद गुजरात की अफ्शा शेख और 22 जनवरी को ही नौगांव असम के छात्र पराग ने आत्महत्या कर ली थी। इनमें से पांच छात्र इंजीनियरिंग की व एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी।
कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। कोटा में 2015 से लेकर अब तक 138 छात्रों ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। यहां 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2020 में 4, 2021 में एक, 2022 में 15, 2023 में 26, 2024 में 16 व 2025 में अब तक छह छात्र आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके हैं। 2020 व 2021 में कोविड के चलते यहां के कोचिंग संस्थाओं के बंद रहने के कारण आत्महत्याओं के आंकड़ों में गिरावट रही थी। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है।
कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है।
यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ से दस हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 800 करोड़ रूपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है।
कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।



कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। इससे कई छात्र पढ़ाई में पिछड़ने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 300 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों के लिए दिशानिर्देशों की घोषणा की है। जिनमें कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकते। इसके अलावा न ही वे अच्छी रैंक या अच्छे अंकों की गारंटी दे सकते हैं और न ही गुमराह करने वाले वायदे कर सकते हैं। छात्रों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं, कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं का अभाव और उनके पढ़ाने के तौर-तरीकों के बारे में शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने इनकी घोषणा की है। दिशानिर्देशों के अनुसार कोई भी कोचिंग सेंटर स्नातक से कम शिक्षा वाले ट्यूटर को नियुक्त नहीं करेगा। छात्रों का नामांकन सिर्फ सेकेंडरी स्कूल परीक्षा देने के बाद हो सकेगा।
कोटा में छात्रों की बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं पर राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ द्वारा स्व प्रेरित संज्ञान आधारित याचिका की सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार की तरफ से कहा गया है कि विधानसभा के मौजूदा सत्र में इसके लिए एक नया कानून लाया जाएगा। जिससे छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं की घटनाओ पर रोक लगाई जा सकेगी।
सरकार चाहे जितनी कोशिश करे कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक बिना किसी दबाव के पढाई करेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान अपने काम को पैसे कमाने कि मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब तक कोटा के हालात नहीं सुधर पायेंगे। कोटा के मौजूदा हालातों के कारण ही यहां कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या में काफी कमी होने लगी हैं। जो कोटा शहर की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं हैं।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# वर्षों से नजूल भूमि में मकान बनाकर रह रहे लोगों को कानून बना कर देंगे पट्टा : विष्णु देव साय

## अंबिकापुर में मुख्यमंत्री का हुआ धुआंधार रोड शो...आम लोगों से मांगा वोट...जनता ने पुष्प वर्षा कर दिया आशीर्वाद...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत एवं 48 वार्डों के बीजेपी पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंबिकापुर में धुआंधार रोड शो किया।रोड शो के दौरान आम जनता ने मुख्यमंत्री पर पुष्प वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री पूरे रास्ते भर हजारों लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आए। रोड शो के बाद घड़ी चौक में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु व्यवसाय ने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठा लबरा लोग है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र में जिस प्रकार से झूठा वादा कर जनता का जनादेश लिया और पांच वर्षों में केवल भ्रष्टाचार किया। इसीलिए जनता ने उन्हें 2023 के विधानसभा चुनाव में सबक सिखाया और सरगुजा के 14 की 14 सीटों के साथ पूरी तरह इनका सफाया कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछ्ली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का चारागाह बना दिया था। शराब घोटाला,कोयला घोटाला,डीएफ घोटाला, रेत घोटाला,पीएससी घोटाला, महादेव सट्टा घोटाला जैसे बड़े-बड़े घोटाले किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सभी घोटालेबाज आज जेल जा रहे हैं। कांग्रेस सरकार में रहे पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा 2000 करोड़ के शराब घोटाले में जेल के अंदर हैं। श्री साय ने कहा कि जिन्होंने भी घोटाले किए हैं सब पर कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने आमजनों से कहा कि झूठ लबरा मन ला नगर निगम चुनाव में सबक सिखाना है। अंबिकापुर से महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत सहित 48 वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को 11 तारीख के चुनाव में कमल के निशान पर बटन दबाकर अपना मतदान कर भारी मतों से जीतने की अपील किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यकीन है कि जिस तरह से आप पिछ्ले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया कर भारी मतों से हमें जिताया था,इस बार भी आप सभी कई बार की अनुभवी पार्षद रही मंजूषा भगत जो भाजपा से महापौर प्रत्याशी हैं उन्हें और पार्षदों को आप सभी आशीर्वाद देंगे।





### 13 महीने में ही हमने मोदी की गारंटी को पूरा किया

आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि 13 महीने में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी को पूरा करके हमने दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के समय कहा था कि हम 18 लाख पीएम आवास देंगे,सबसे पहले शपथ लेने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में ही इसकी स्वीकृति दी गई। 3100 रुपए प्रति क्विंटल से किसानों का धान खरीदी प्रारंभ हुआ,2 साल से किसानों का बकाया बोनस हमने दिया,13 लाख किसानों को 3716 करोड़ देने का काम हमने किया।पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 27 लाख किसानों से 139 लाख मैट्रिक टन धान की खरीदी की गई है,इन किसानों के खाते में 12000 करोड रुपए के अंतर की राशि एक मुस्त आज जारी कर दी गई है, संभवत- दो-तीन दिन में उनके खाते में राशि आ जाएगा मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है।हमने माता बहनों के खाते में महतारी योजना के तहत 12वीं किस्त दे चुके हैं। 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालु को हमने रामलाल के दर्शन कराए हैं। तेंदूपत्ता के दाम 4 हजार रुपए से बढक़र साढ़े 5 हजार रुपए कर दिया है,बोनस बांटने का भी काम हुआ है।

### लोगों को कानून बना कर देंगे पट्टा

आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के लिए हम अटल विश्वास पात्र लाए हैं,जिसे हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरी निकाय क्षेत्र के नजूल भूमि में वर्षों से मकान बनाकर रहने वाले लोगों के लिए हम नया कानून बनाएंगे और उन्हें पट्टा देंगे ताकि भविष्य में उन्हें कोई भी परेशानी ना हो।वह ऐसी व्यवस्था भी बनाएंगे कि उस जमीन पर भूमि स्वामी को आसानी से लोन मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा के अटल घोषणा पत्र में घोषणा किया है कि निकाय क्षेत्र में महिला के नाम से अगर जमीन का पट्टा हुआ तो उन्हें संपत्ति कर में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी,इसके अलावा जो सही समय पर टैक्स का भुगतान करेगी उन्हें 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जो लंबे समय से संपत्ति कर नहीं पटाए हैं उनके लिए एक मुशत पैसा बिना ब्याज के पटाने का प्रावधान किया है।महिला स्व सहायता समूह के लिए ढाई लाख रुपए तक लोन की व्यवस्था की जाएगी।हाट बाजार में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट और महाविद्यालय में पढने वाले छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क सैनिटरी और नैपकिन की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही वाईफाई की भी व्यवस्था करने की बात कही। आमसभा को अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया तथा बीजेपी महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष ने किया। घड़ी चौक की आमसभा के बाद गांधीनगर गांधी चौक में आयोजित भाजपा की आम सभा को भी सीएम विष्णु देव साय ने संबोधित किया।

भाजपा के रोड शो एवं आमसभा में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व संगठन महामंत्री राम प्रताप सिंह, सरगुजा संभाग प्रभारी राजा पांडे, लुन्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव,राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, नगरीय निकाय चुनाव संयोजक अखिलेश सोनी, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा तथा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता सहित हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा आम लोग मौजूद थे।

### 7 हजार करोड़ से ज्यादा के कार्यों की हुई स्वीकृत

आमसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने 13 महीने में प्रदेश के नगरीय निकाय क्षेत्रों के विकास कार्य के लिए 7000 करोड़ से ज्यादा के कार्यों की स्वीकृति दिए हैं,जिनमें अंबिकापुर नगर निगम के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति हुई है।मुख्यमंत्री ने आम जनों से कहा कि विकास की जिम्मेदारी हम पर छोड़ दीजिए आने वाले समय ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ विकास ही विकास होगा।

# पूर्व डिप्टी सीएम ने भाजपा पर आचार संहिता के उल्लंघन का लगाया आरोप

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने शुक्रवार को राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि अमेरिका में रह रहे भारतियों को हाथ-पैर में हथकड़ी लगाकर वहां से भेजा गया है। यह काफी दुख की बात है। भारत ने माना है कि विश्व एक परिवार है। इसके बावजूद भी इस तरह अमेरिका द्वारा अपमानित किया जा रहा है। 40 घंटे के सफर कर महिला व बच्चें सहित लगभग 150 लोगों को एक प्लेन में भेजा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकाा के चुनाव में प्रचार करते देखे गए थे। इसे लोगों ने प्रचारित किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका के साथ रिश्ते अच्छे हैं। इसके बावजूद भी पांव में जंजिर बांधकर देशवासियों को अमेरिका से अमानविय तरीके से भेजा जा रहा है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर विरोध-प्रदर्शन करेगी। सिंहदेव ने कहा कि जो पंपलेट शहर में बांटे जा रहे हैं, उसके नीचे छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनहित में जारी भी लिखा गया है। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन आयोग दबाव में आकर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्हें चाहिए कि ऐसे पंपलेट को जब्त कर वितरित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने पंपलेट को दिखाते हुए कहा कि यह आचार संहिता खुलेआम उल्लंघन है। कांग्रेस पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा अम्बिकापुर नगर निगम चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन को लेक राज्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष 3 शिकायत दर्ज कराई है। सीएम विष्णुदेव साय के अंबिकापुर दौरे के सवाल पर सिंहदेव ने कहा कि वे तो आएंगे-जाएंगे, यहां तो रहेंगे नहीं। यहां तो मेयर व पार्षद ही रहेंगे। उन्होंने कांग्रेस के मेयर व पार्षद प्रत्याशियों की जीत की बात कही है।







# कांग्रेस ने जारी किया नगर निगम के लिए घोषणा-पत्र

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कांग्रेस ने नगर निगम अंबिकापुर के लिए 17 बिन्दूओं का घोषणा पत्र जारी किया है। जिसमें स्वच्छता के क्षेत्र में हमने अंबिकापुर को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति दिलायी है। एक बार फिर अंबिकापुर को इस क्षेत्र में सिरमौर बनायेंगे।10 वर्ष अंबिकापुर की 40 प्रतिशत आबादी पेयजल संकट से गुजऱ रही थी। बाँकी बांध के गिरते जलस्तर के बावजूद हमने अमृत मिशन के सुदृढ क्रियान्वयन से शहर की पेयजल संकट को समाप्त किया। शहर की बढ़ती आबादी और बाँकी बांध के गिरते जालस्तर के भावी परिपेक्ष्य की ध्यान में रखते हुए हमने घुनघुट्टा बांध से एक और नवीन 17 एम.एल.डी. का वाटर फ़िल्टर प्लांट स्थापित करेंगे।, गोधनपुर, नामनकाला एवं पुराने बस स्टैंड में 20 लाख लीटर की क्षमता के नवीन पानी टंकी का निर्माण करेंगे। अंबिकापुर के तमाम मुख्यमार्ग सदर रोड, देवीगंज रोड, स्कूल रोड, ब्रम्ह रोड, रायगढ़ रोड, आदि राष्ट्री राजमार्ग और पी. डब्ल्यू, डी. के अधिकार क्षेत्र में आते है जिसके कारण नगर निगम इनका रखरखाव नहीं कर सकती। हम इन मुख्य मर्गो का राष्ट्रीय राजमार्ग और पी. डब्ल्यू. डी.से नगर निगम को हैंड ओवर का प्रयास करेंगे ताकि इनका नियमित रखरखाव सुनिश्चित कर सकें और गड्ढों से मुक्ति मिल सके। अंबिकापुर शहर में बढ़ते ट्रैफिक के परिपेक्ष में नवीन मार्ग स्थापित करेंगे। उद्धरण- बाँकी नहर पर कैनाल रोड, जिला अस्पताल के पीछे से रिंग रोड तक, शिव सागर बांध के पश्चमी ओर सत्तीपारा से गौरव पाथ तक, आदि। अंबिकापुर बायपास का टेंडर लग चुका है एवं ज़मीन अधिग्रहण की कार्यवाही चालू है। हम अंबिकापुर की रिंग रोड और बायपास को जोड़ते हुए लिंक सडक़ो की स्थापना करेंगे। अंबिकापुर शहर के मुख्य मर्गो को तारों के जाल से मुक्त कराने के उद्देश्य से मौजूदा विद्युत लायन को अंडरग्राउंड किया जाएगा। पहले चरण में बिलासपुर चौक से संजय पार्क एवं महामाया मंदिर से पटपरिया के मार्गों को तार मुक्त किया जाएगा। हमने महामाया प्रवेश द्वार एवं कॉरिडोर की योजना स्वीकृत की थी जिसके पहले चरण में हमने माँ महामाया प्रवेश द्वार बना कर माँ महामाया को समर्पित किया। इस योजना को आगे बढ़ाते हुए हम प्रवेश द्वार से मंदिर तक माँ महामाया कॉरिडोर की स्थापना करेंगे। शहर में एक नवीन उच्चस्तर के स्टेडियम का निर्माण करेंगे जहां रणजी ट्रॉफी स्तर के प्रतियोगिता आयोजित हो सके। साथ ही पी0जी0 कॉलेज स्थित हॉकी मैदान में एस्ट्रो टर्फ बिछायेंगे। पुराने बस स्टैंड की भूमि पर गोल-बाज़ार का निर्माण किया जाएगा, जिससे रोजग़ार बढ़ेगा और व्यवसाय समृद्ध होगा। साथ ही पुराने बस स्टैंड से लगे राज्य परिवहन निगम के पूर्व डिपो का आवंटन प्राप्त कर उससे ऑक्सीज़ोन बना कर एक बड़े पार्क के रूप में विकसित करेंगे।हम नगर निगम के लिए नवीन वेंडिंग एवं रोजग़ार नीति बनायेंगे। नये वेंडिंग जोन का निर्माण करेंगे और मौजूदा वेंडिंग जोन का क्षेत्र बढ़ायेंगे। पंजीकृत वेंडोर्स को व्यवसाय के लिए सुरक्षित वातावरण दिया जाएगा।परित्याक्त और विधवा महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए महिला बाज़ार की स्थापना करेंगे। शहर में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर एवं नशे पर रोक के उद्देश्य से शहर के चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे एवं हायमास्ट लाइट की स्थापना की जायेगी। युवाओं में बढ़ रही नशे की लत को सुधारने के लिए निश्शुल्क नशामुक्ति केंद्र की स्थापना के साथ नशा विरोधी अभियान चलाया जायेगा। 10 वर्षों के कार्यकाल में हमने अंबिकापुर निगम में हरे-भरे क्षेत्र का विस्तार 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत किया है। इसे हम न्यून्यतम 10त्न तक ले जाएँगे। इस दिशा में हम 10 नवीन उद्यानों का भी निर्माण किया जाएगा।जल संरक्षण की दिशा में योजनाबद्ध रूप से ठोस कार्य किए जाएँगे, ताकि शहर में गिरते हुए जल स्तर का संरक्षण किया जा सके एवं भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। साथ ही अंबिकापुर शहर के तालाबों का जीर्णोद्धार जारी रहेगा। शेष बचे तलबों का सौंदरीकरण किया जाएगा। सभी धर्मों के अंतिम संस्कार स्थलों को बेहतर सुविधायुक्त बनायेंगे और आवश्यकता अनुसार नये स्थलों का निर्माण करेंगे। साथ ही अज्ञात शवों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए व्यवस्था करेंगे।आवारा पशुओं से निजात के उद्देश्य से पशु संरक्षण समाज सेवी संस्थानों के साथ मिलकर साझा पहल करेंगे और शहर में पशु सहायता केंद्रों की स्थापना करेंगे। साथ ही पशुओं के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए व्ययस्था करेंगे। शहर में सर्व सुविधा युक्त ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा के लिए पार्किंग एवं चार्जिंग की व्यवस्था करेंगे।



CMYK

# अवैध प्रवासियों को हथकड़ी-बेड़ियों में लाने पर भड़के टीएस सिंह देव,पीएम और विदेश मंत्री माफी मांगे

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

अमेरिका से लाए गए अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी और बेड़ियों में जकड़कर भारत लाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस पर छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने केंद्र सरकार को घेरा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व विदेश मंत्री एस. जयशंकर से माफी मांगने की मांग की है।

### सरकार इतनी अक्षम कैसे रही ?: टीएस सिंह देव

टीएस सिंह देव ने इस मामले को देश के आत्मसम्मान और गरिमा से जुड़ा बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति पहले ही स्पष्ट कर चुके थे कि वे अवैध प्रवासियों को वापस भेजेंगे। लेकिन सवाल यह उठता है कि भारत सरकार ने इन्हें सम्मानजनक तरीके से वापस लाने की व्यवस्था क्यों नहीं की? उन्होंने इस घटना को भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने वाला करार दिया।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी

पूर्व डिप्टी सीएम ने केंद्र सरकार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारतीय नागरिकों को बेड़ियों में जकड़कर लाने की तस्वीरें भारत की प्रतिष्ठा पर आघात हैं। यह सरकार की असफलता और संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने इस अमानवीय व्यवहार की निंदा करते हुए इसे भारत के सम्मान पर धब्बा बताया।

विपक्ष हमलावर, केंद्र सरकार पर दबाव इस मुदे को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। विपक्षी दल इसे भारतीय नागरिकों के साथ अमानवीय व्यवहार करार देते हुए भारत सरकार की विदेश नीति की विफलता बता रहे हैं। अब यह मामला राजनीतिक गरमाहट पकड़ चुका है और सरकार पर जवाबदेही बढ़ गई है।




# सरकार में हिज़्बुल्लाह को शामिल न करें, लेबनानी राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद बोलीं ट्रंप की दूत



बेरूत,07 फरवरी 2025। लेबनान में नवनियुक्त अमेरिकी राजदूत मॉर्गन ऑर्टागस ने शुक्रवार को लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ बैठक की। बैठक के बाद ऑर्टागस ने लेबनान की नई सरकार में हिज़्बुल्लाह आतंकवादी समूह को शामिल नहीं करनी की बात पर जोर दिया। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद प्रेस वार्ता कर ऑर्टागस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लेबनानी अधिकारी इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि हिज़्बुल्लाह आतंकवादी समूह किसी भी रूप में नई सरकार का हिस्सा न बने।

### इस्राइल का भी जताया आभार

ऑर्टागस ने राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका इस बात के लिए अपने सहयोगी इस्राइल का आभारी है कि उन्होंने हिज़्बुल्लाह को हराया। उन्होंने कहा कि लेबनान की सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने और सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है, और यह सुनिश्चित करेगी कि हिज़्बुल्लाह सरकार का हिस्सा न बने।

### अमेरिका ने खिंची रेड लाइन

ऑर्टागस ने यह भी कहा कि अमेरिका ने स्पष्ट रूप से यह तय किया है कि हिज़्बुल्लाह लेबनानी लोगों को आतंकित नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने लेबनान की सरकार में हिजबुल्लाह को शामिल करने पर %रेड लाइन% खींच दीं है। बता दें कि लेबनान के प्रधानमंत्री पद के लिए नवाफ़ सलाम को मनोनीत किया गया था, लेकिन देश की सत्ता-साझाकरण प्रणाली के कारण प्रगति रुकी हुई है।

### लेबनान से इस्राइली सेना की वापसी टली

इस बीच, दक्षिणी लेबनान से इस्राइल की सेना की वापसी के लिए निर्धारित समय सीमा 26 जनवरी को खत्म होनी थी, लेकिन इसे बढ़ाकर 18 फरवरी कर दिया गया है। इस्राइल और लेबनान के बीच युद्धविराम समझौते के तहत, हिज़्बुल्लाह को लिटानी नदी के उत्तर में हटने का आदेश है, जहां अब लेबनानी सेना और संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की तैनाती की जाएगी। गुरुवार शाम, इस्राइली सेना ने हिज़्बुल्लाह के हथियार रखने वाली दो सैन्य साइटों पर हमला किया, लेकिन इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# पूर्व सरपंच पर गंभीर आरोप, सरपंच प्रत्याशी ने की आवेदन निरस्त करने की मांग, रिटर्निंग अधिकारी को बताई यह बात

- संवाददाता -
सीतापुर,07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

पंचायत चुनाव आते ही गांव की सत्ता पर कब्जा जमाने प्रत्याशियों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। इस आरोप प्रत्यारोप के क्रम में एक सरपंच पद के प्रत्याशी ने पूर्व सरपंच पर लाखों रुपए गबन का आरोप लगा नामांकन निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में सरपंच प्रत्याशी ने सबूतों के साथ निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है।

मामला ग्राम पंचायत सोनतराई का है। जहाँ सरपंच पद के प्रत्याशी हिरल मिंज ने सरपंच का चुनाव लड़ रही पूर्व सरपंच उषा लकड़ा के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए हैं। सरपंच प्रत्याशी ने पूर्व सरपंच पर बिना काम कराए लाखों रुपए गबन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरपंच द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता की शिकायत पूर्व में कलेक्टर जनदर्शन में कई गई थी। जिसमे हुई जांच के दौरान पूर्व सरपंच द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता का खुलासा हुआ था।

जिसके बाद सीईओ जनपद पंचायत द्वारा पूर्व सरपंच से गबन की राशि वसूली के संबंध में एसडीएम कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसके बाद एसडीएम कार्यालय से गबन की राशि जमा करने हेतु पूर्व सरपंच को नोटिस जारी हुआ था। इसके बाद भी पूर्व सरपंच द्वारा गबन की राशि जमा नहीं कि गई।

सरपंच प्रत्याशी हिरल मिंज ने बताया कि पूर्व सरपंच उषा लकड़ा के ऊपर गबन की राशि 7 लाख 57 हजार 8 सौ 2 रुपये बकाया है। जिसे उन्होंने सरपंच रहते हुए अंजाम दिया है जो पंचायत राज अधिनियम के विरुद्ध है। इस अनियमितता के विरुद्ध होने वाली कार्यवाही एसडीएम कार्यालय में विचाराधीन एवं लंबित है। सरपंच प्रत्याशी ने पंचायती राज अधिनियम के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि अनियमितता एवं गबन का आरोपी चुनाव लड़ने की पात्रता नही रखता है। जिसे देखते हुए उन्होंने सरपंच प्रत्याशी पूर्व सरपंच उषा लकड़ा का नामांकन निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मय सबूत निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### पूर्व सरपंच पर झूठा शपथ-पत्र पेश करने का लगा आरोप

पंचायत चुनाव हेतु प्रत्याशियों द्वारा जमा करने वाले नामांकन-पत्र में सारी जानकारियां प्रस्तुत की जाती है। इसके बावजूद पूर्व सरपंच उषा लकड़ा ने नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान अपने ऊपर पंचायत के बकाया राशि का उल्लेख नही किया है। इस संबंध में सरपंच प्रत्याशी हिरल मिंज ने बताया कि उन्होंने बकाया राशि को निरंक बता शपथ पत्र पेश किया है। जो नियम के विपरीत और सरासर गलत है। इस बारे में निर्वाचन अधिकारी का ध्यानाकर्षण कराते हुए उन्होंने सरपंच प्रत्याशी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की मांग की है।

इस संबंध में एसडीएम नीरज कौशिक ने बताया कि इस पर रिटर्निंग अधिकारी ही कोई फैसला ले सकते है। इसके अलावा इस मामले का न्यायालय के माध्यम से सुनवाई हो सकती है।



# कांगो हिंसा में अब तक 3000 लोगों की मौत, यूएन मानवाधिकार परिषद ने बुलाया आपातकालीन सत्र

जिनेवा,07 फरवरी 2025। कांगो के पूर्वी हिस्से में बढ़ती हिंसा लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। जहां हाल ही में रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने एक प्रमुख शहर पर कब्जा कर लिया है, जिससे जनवरी के अंत से अब तक लगभग 3,000 लोग मारे गए और लगभग उतने ही लोग घायल हुए हैं। लगातार बढ़ती हिंसी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र का शीर्ष मानवाधिकार निकाय ने शुक्रवार को आपातकालीन सत्र बुलाया।

**कांगो सरकार का आग्रह**

आपातकालीन सत्र के दौरान कांगो की सरकार ने 47 देशों के समर्थन से मानवाधिकार परिषद से रवांडा और एस23 विद्रोहियों को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार ठहराने और क्षेत्र में मानवाधिकार हनन की जांच करने के लिए एक तथ्य-खोज मिशन बनाने का आग्रह किया।

**गुटेरेस ने मध्यस्थता पर दिया जोर**

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने विद्रोहियों से अपनी बंदूकें रखने और मध्यस्थता के लिए सहमत होने का आह्वान किया। मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि हिंसा में लगातार वृद्धि के कारण कांगो में हालात बहुत गंभीर हो गए हैं।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के निवास ग्राम बीरपुर में सरपंच एवं वार्ड पंच निर्विरोध चुने गए






- संवाददाता -
अम्बिकापुर,07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के निवास ग्राम बीरपुर ने इतिहास रचा है।जिला सूरजपुर के विधानसभा भटगांव में स्थित ग्राम बीरपुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्विरोध सरपंच समेत सभी वार्डों में पंचों का चयन किया गया है, जो अपने आप में बहुत अनूठा है।ग्राम पंचायत बीरपुर के समस्त ग्रामीण जनों द्वारा इस प्रकार निर्विरोध सरपंच एवं पंचों के चयन से प्रतीत होता है कि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के निवास ग्राम में सभी ग्रामीण जन एकजुट होकर ग्राम के सर्वांगीण विकास में सहभागी बने हैं,मन्त्री लक्ष्मी राजवाड़े के गृह ग्राम वीरपुर में सरपंच एवम सभी 11वार्डो में पंच निर्विरोध चुनने की अब तक के इतिहास में पहली बार हुवा है। सभी ग्रामीण जनों के इस ऐतिहासिक निर्णय से मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की एक अलग पहचान केवल भटगांव विधानसभा में ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में एक मिसाल पेश करेगी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े अपने सरल एवं सहज स्वभाव के कारण पूरे राज्य में सभी की लाडली बेटी-बहन के रूप में कार्य कर रही हैं । छत्तीसगढ़ कैबिनेट में इकलौती महिला मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने सभी ग्रामीण जनों का निर्विरोध सरपंच एवं पंच चुने जाने पर आभार व्यक्त किया है।




# मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी 2025 द्वारा जारी आम एवं उपनिर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नगरपालिकाओं के महापौर, अध्यक्ष, पार्षद पदों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन क्षेत्रों में 11 फरवरी 2025 एवं त्रिस्तरीय पंचायत के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचों तथा पंचों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन क्षेत्रों 17 फरवरी 2025 दिन , 20 फरवरी 2025 एवं 23 फरवरी 2025 को मतदान की तिथि निर्धारित हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख, मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूरी÷ में उल्लेखित प्रावधान अनुसार नियत मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक या कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात 11 फरवरी,17 फरवरी,20 फरवरी एवं 23 फरवरी 2025 को राज्य शासन एतद्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है।

इसके साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दिए जाने कहा गया है। उपरोक्तानुसार मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत् श्रमिक अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी या आकस्मिक श्रमिक हो, उनको प्रदान किया जावेगा।

### नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के मद्देनजर जिले में इन तिथियों को शुष्क दिवस घोषित

अंबिकापुर, 07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा जारी निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विलास भोसकर ने सरगुजा जिले के नगरपालिका तथा नगर पंचायत हेतु आम निर्वाचन क्षेत्रों में एवं निर्वाचन क्षेत्र से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें एफ.एल.1(घघ), सी.एस.2(घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2(ग-अहाता), एफ.एल.8 एवं मद्य भण्डारण भाण्डागार को मतदान दिनांक 11 फरवरी 2025 की तारीख से 2 दिन पूर्व से लेकर मतदान तक तथा मतगणना 15 फरवरी 2025 को बंद रखे जाने हेतु छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शुष्क अवधि या शुष्क दिवस घोषित किया है।

# पुलिस अभिरक्षा से फरार हत्या का आरोपी 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार,सरगर्मी से चल रही थी तलाश

- » चोर कहकर चिढ़ाने पर पड़ोस में रहने वाले व्यवसायी युवक की सोते समय डंडे से ताबड़तोड़ प्रहार कर की थी हत्या, पुलिस ने हिरासत में लेकर आरोपी को रखा था चौकी में...
- » पुलिस अभिरक्षा से फरार हत्या का आरोपी 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार, सरगर्मी से चल रही थी तलाश





- संवाददाता -
वाड्रफनगर,07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वाड्रफनगर चौकी अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी युवक की हत्या का आरोपी पुलिस अभिरक्षा से शुक्रवार की सुबह 6 बजे फरार हो गया था। वह शौच करने के बहाने पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग निकला था। इधर पुलिस की कई टीमें उसकी खोजबीन में लगी थीं। इसी बीच पुलिस ने शाम करीब 4 बजे आरोपी को उसके गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के भाग जाने के बाद पुलिस के हाथ-पांव फुल गए थे।

वाड्रफनगर चौकी अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी ओमप्रकाश कुशवाहा 25 वर्ष बुधवार की रात अपने घर में सो रहा था। इसी बीच रात करीब 2 बजे पड़ोस में रहने वाला संजय खैरवार 22 वर्ष कुल्हाड़ी लेकर घर में घुस आया और सो रहे ओमप्रकाश के सिर पर कई बार कुल्हाड़ी के बट से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया था।

उसके चीखने की आवाज सुनकर परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया था। लेकिन वह उन्हें धक्का देकर भाग निकला था। इधर परिजनों द्वारा गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल लाया गया।

यहां से डॉक्टरों ने उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। अंबिकापुर लाते समय प्रतापपुर के पास उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी संजय खैरवार को हिरासत में लिया था।

**चोर कहने पर की थी हत्या**

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि ओमप्रकाश व उसके घरवाले उसे चोर-चोर कहकर चिढ़ाते थे। 1 साल पहले उस पर मवेशी चोरी का आरोप लगाया गया था। बार-बार चोर कहकर ताना मारने से वह गुस्से में था। इसी बीच उसने वारदात को अंजाम दे दिया था।

परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने उसे गांव से लगे जंगल से हिरासत में लिया था। उसे गुरुवार की रातभर वाड्रफनगर चौकी में रखा गया था। शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे उसने शौच जाने की बात कही। इसी बीच वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था।

इससे पुलिस परेशान हो गई। फिर वाड्रफनगर चौकी, त्रिकुंडा व बसंतपुर थाने की पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने आरोपी को उसके गांव कोटराही के भुइयांपारा से शाम 4 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दुकान के पास खड़ी मालवाहक वाहन ले गए चोर

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छड़, सीमेंट का कारोबार करने वाले व्यवसायी का छोटा हाथी वाहन अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। माखन विहार के पास नवीन ट्रेडर्स नामक फर्म का संचालन करने वाले प्रदीप अग्रवाल ने बताया है कि 6 फरवरी को उनका छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 1769 दुकान के बगल में खड़ा था, जिसे अज्ञात व्यक्ति दोपहर 2.13 बजे चोरी करके ले गया। इसकी जानकारी उन्हें शाम लगभग 4.15 बजे पता चला। रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# बैंक कर्मी का फर्जी आईडी बनाने के मामले में केस दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जशपुर जिला के कांसाबेल थाना अंतर्गत ग्राम दोकड़ा निवासी महिला बैंक कर्मी ने फेक आईडी बनाकर अपमानजनक शब्दों का उल्लेख करने की जानकारी कोतवाली थाना पुलिस को दी है। युवती ने पुलिस को बताया है कि वह वर्तमान में गुदरी बाजार अंबिकापुर में किराए के मकान में रहकर एचडीएफसी बैंक में काम करती है। युवती ने बताया कि उसके नाम पर फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर किसी ने दो बार उसके फोटो एवं नंबर को डालकर गलत शब्दों का उपयोग किया जा रहा है। इसके बाद उसे उसके मोबाइल नम्बर पर बार-बार फोन कॉल आ रहा है। युवती ने इसकी जांच करके आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच कोतवाली और सायबर पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है।

# उड़नखटोला से चिरमिरी पहुंचे सीएम साय...भाजपा प्रत्याशी राम नरेश राय सहित 40 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से की वोट की अपील

» सभा के मंच से 13 माह के कार्यों को आमजन के सामने रखे स्वास्थ्य मंत्री श्याम

» युवा मोर्चा व चिरमिरी मंडल द्वारा महामाला से किया गया मुख्यमंत्री का स्वागत

» सीएम साय ने नगर पालिक निगम के जारी संकल्प पत्र का किया विमोचन







### 11 तारीख कमल के बटन पर दो बार,महापौर और पार्षद के बटन पर कमल का बटन दबा कर उन लोगों को जवाब देने का समय आ गया है...

श्री जायसवाल ने कहा की 11 तारीख कमल के बटन पर दो बार, महापौर और पार्षद के बटन पर कमल का बटन दबा कर उन लोगों को जवाब देने का समय आ गया है और 11 तारीख को कमल का बटन दबेगा और 15 तारीख को 40 के 40 सीट जीतकर व महापौर के प्रत्याशी भाई रामनरेश जी को जिताकर हम लोग माननीय मुख्यमंत्री जी को गिफ्ट देंगे। माननीय मुख्यमंत्री जी हम सब लोगों को विकास के द्वार खोल देंगे तो आप सब लोग एक बार दोनों हाथ उठाकर भारतीय जनता पार्टी के हक में समर्थन देने का काम करे।

-रवि सिंह-
कोरिया/पटना,07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगर पालिक निगम चिरमिरी के अमरकुंज क्रीड़ा स्थल डोमनहिल में छत्तीसगढ़ के मुखिया व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उड़नखटोला से चिरमिरी पहुंचे और विजय संकल्प रैली 2025 की सभा को संबोधित किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, एनआर आई चन्द्रकांत पटेल, एमसीबी जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केशवानी, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, महापौर प्रत्याशी रामनरेश राय, चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, रघुनंदन यादव मंच पर आसीन रहे। संकल्प विजय रैली में मुख्यमंत्री का स्वागत महामाला से किया गया वही नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा जारी चुनावी संकल्प पत्र का विमोचन भी मुख्यमंत्री के हाथों संपन्न हुआ। 13 महीने के अल्पकाल में चिरमिरी नगर निगम के लिए और इस क्षेत्र के लिए जो भी सरकार के तरफ से काम हुए हैं विधायक श्याम ने सब का वर्णन किया है- दरअसल भाजपा महापौर प्रत्याशी रामनरेश राय सहित 40 वार्ड पार्षद भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आम जनता से वोट की अपील करने चिरमिरी पहुंचे सीएम साय हाथ हिलाकर उपस्थित जनों का अभिवादन किया और आम जनता से सुशासन के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने अपील की। इस दौरान संकल्प सभा को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है, आप लोगों के आशीर्वाद से मात्र 13 महीने हुए और 13 महीने के अल्पकाल में चिरमिरी नगर निगम के लिए और इस क्षेत्र के लिए जो भी सरकार के तरफ से काम हुए हैं, विधायक श्याम ने सब का वर्णन किया है। रेलवे के लिए 241 करोड़, घर में पानी पहुंचे उसके लिए 184 करोड़, यहां पर बिजली एसईसीएल की आती थी, अब हमारा बिजली विभाग आपको बिजली प्रदान करेगा, उसके भी कार्यवाही चल रही है।

## इस शहर के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी विकास के लिए पैसे की गंगा बहा दिया जाएगा:श्याम बिहारी

जो योजना है उस पर काम करके स्वीकृति देने का काम किए हैं लेकिन कांग्रेस के होने के कारण धरातल में नहीं दिख रहा है, क्योंकि यह विकास की चाभी पता नहीं कहां खो गया है। जो कांग्रेस के समय एक नारा होता था विकास की चाभी कहां है तो आप सब जानते हैं चाभी को विकास के लिए खोलना है तो हमारे भाई राम नरेश राय जी को इस नगर निगम की विकास की चाबी देना होगा तभी जाकर इस क्षेत्र का विकास हो सकता है। भाइयों बहनों मेरी जहां तक आवाज जा रही है, आज सोशल मीडिया का जमाना है अभी तत्काल हजारों लोग देख सुन लेंगे तो मैं कहना चाहता हूं कि नगर निगम क्षेत्र में बेरोजगारी दूर करने के लिए छोटे-छोटे कुटीर उद्योग की स्थापना करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने एमएसई सेक्टर में जोड़ दिया है और माननीय मुख्यमंत्री भी चाहते हैं कि क्षेत्र के लोगों का बेरोजगारी दूर हो सके, इसलिए एसईसीएल क्षेत्र की जो अनुपयोगी जमीन है उसको राज्य सरकार वापस लेगी और राज्य सरकार 2005 से पहले के कब्जाधारी है उन सारे लोगों को पट्टा भी देगी और प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से उन लोगों का मकान बनाया जाएगा। साथियों मैं आप लोगों का विधायक होने के नाते आप सब लोग से निवेदन करता हूं कि आप लोग किसी के बातों में मत जाइए, नगर को बचाने के लिए चिरमिरी के स्थायित्व के लिए चिरमिरी के विकास के लिए आप लोग डबल इंजन की सरकार के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार दीजिए। हमारे मुखिया यहां पर बैठे हैं इस शहर के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी विकास के लिए पैसे की गंगा बहा दिया जाएगा।

### मैं उसको दोहराना नहीं चाहूंगा यह सारा विकास का काम 13 महीने में हुआ है:सीएम साय

मैं उसको दोहराना नहीं चाहूंगा यह सारा विकास का काम 13 महीने में हुआ है,और मोदी की गारंटी में विश्वास करके 2023 के विधानसभा चुनाव में आप सब लोगों का आशीर्वाद मिला तो मोदी की गारंटी में जो भी वादा हमारी सरकार की थी 13 महीने में हम लोगों ने पूरा किया है। 5 साल छत्तीसगढ़ में 18 लाख गरीब लोग प्रधानमंत्री आवास से वंचित हो गए उनका हक छीना गया । हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच थी कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो सबसे पहले काम सरकार का, मुख्यमंत्री का रहेगा कि 18 लाख गरीबों को आवास स्वीकृत करने का होगा तो हम लोग 13 दिसंबर 2023 को शपथ लिए और अगले ही दिन 14 दिसंबर 2023 को 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दिए। अप्रैल महीना में नए वित्त वर्ष में फिर से 3 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने का आश्वासन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी देकर गए है। शहरी क्षेत्र में तीन लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति हुई है। इस तरह से मोदी के गारंटी का पहला वादा पूरा किया, किसानों का वादा भी पूरा किया, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदें और ?3100 एक कुंटल धान का कीमत दिए अरब पूरा किया और इस साल पिछले साल से भी ज्यादा धान खरीदे हैं। इस साल 27 लाख किसान धान बेचे और एक स्वतंत्रता खरीदी हुई उसका एमएसपी किसानों को मिल गया है और आज मैं आप लोगों को बता रहा हूं कि 27 लाख किसानों के खाते में 12000 करोड़ रूपया अंतर की राशि भेज रहे हैं। 12000 करोड़ रूपया इसको किसानों के खाते में पहुंचने में हो सकता है दो-तीन दिन का समय लगे लेकिन आज सरकार 27 लाख किसानों के लिए 12000 करोड़ आज जारी कर रही है और 2 साल का बकाया बोनस भी दिए है। आज यहां पर महिलाएं बैठी हैं 3 तारीख को महतारी बन्दन योजना का पैसा 12वीं किस्त भेजें है, कितनों के खाते में पहुंच गया है हाथ उठाकर बताइए आप सब लोग चेक किए हैं ना, बहुत-बहुत बधाई आप सभी को, 70 लाख से ज्यादा माता को 13 महीने में 12 महीने का किस्त दे चुके हैं। 12-12 हजार रुपया एक साल में उनके खाते में भेज चुके हैं तो यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, उसको करती है।

### मोदी की गारंटी का सब काम पूरा कर रहे हैं...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार है मोदी की गारंटी का सब काम पूरा कर रहे हैं अभी पिछले महीने एक और वादा पूरा किए हैं जो भूमिहीन है, भूमिहीन कृषि मजदूर हैं, उनके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक मधुर कल्याण योजना की बात थी। 562000 ऐसे लोग हैं, ऐसा परिवार है, पिछले महीने में 10000 रुपया उनको देने का काम हमारी सरकार ने की है। ज्यादा बताने का समय नहीं है मैं इसलिए बता रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने,आप लोगों की सरकार ने मोदी की गारंटी का अधिकांश वादा 13 महीने के अल्पकाल में ही पूरा कर चुकी है। नक्सलवाद बस्तर क्षेत्र आज 13 महीने में मजबूती के साथ नक्सलवाद के साथ लड़ाई लड़कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने में हम लोग कामयाब हो रहे हैं। यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है, तो मोदी की गारंटी का काम हम सब लोगों ने पूरा किया है। अब डबल इंजन की सरकार बन चुकी है आप लोग विधानसभा लोकसभा में सांसद विधायक को जीता चुके हैं।

### सही विकास करना है तो ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी पड़ेगी

नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं अब अगर चिरमिरी का सही विकास करना है तो ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी पड़ेगी वही लगातार भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील कर रहे विधानसभा के विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभा से 13 महीने के कार्यकाल को आम जनता के समक्ष समर्पित किया उन्होंने कहा कि साजा पहाड़ रोड डबल लेन मनेंद्रगढ़ चिरमिरी को जोड़ने वाला रोड होगा। साजा पहाड़ रोड डबल लाइन पहले ही बन जाना था। हमारी सरकार में उसका निर्माण हुआ लेकिन 5 सालों में कांग्रेस के कार्यकाल में एक भी उसमें काम नहीं हुआ, उसको भी मुख्यमंत्री जी ने 41 करोड रुपए देकर चिरमिरी को डबल लाइन सड़क देने का काम किया है। इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारे कोयलांचल शहर कोयले की ऊपर बसा हुआ यह हमारा शहर है। यहां स्वास्थ्य के लिए जो चिरमिरी का रीजनल हॉस्पिटल होता था वहां स्वास्थ्य सुविधा को लेकर लोग इलाज करते थे लेकिन धीरे-धीरे कालरी बंद होने के कारण रीजनल में भी डॉक्टर बैठना बंद कर दिए। अब चिरमिरी में सर्व सुविधा युक्त जिला अस्पताल का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री जी ने खुद किया है और 65 करोड़ जिला अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर के लिए दिया है । भाइयों बहनों यहां हॉर्टिकल्चर कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए तीन विषय गणित विज्ञान और अंग्रेजी में इन्होंने हमको दिया है। माननीय मुख्यमंत्री जी से मैं निवेदन किया हू कि कॉलेज में एक नए भवन चाहिए जिसे आने वाले बजट सत्र में निवेदन किया है वह पूरा भी होगा, साथ ही साथ 6 करोड रुपए का जो आडिटोरियम है वह जल्दी हमारे चिरमिरी में पहली बार बनेगा साथ ही साथ जो प्रतिभावान छात्र-छात्राएं है उनके प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नालंदा परिषद की स्थापना होगी जिससे आईपीएस की परीक्षाओं को फाइट कर पाएंगे, यह हमारे युवाओं के लिए सुनहरा भविष्य को गढ़ने का काम करेगा।

### इस पर हो रहा है काम

श्याम बिहारी जयसवाल ने कहा की चिरमिरी क्षेत्र का विकास होगा। पर्यटन के लिए भी चिरमिरी क्षेत्र में सर्वे का काम चल रहा है, जो बंद पड़ी माइंस है उसे खोलने का काम चालू है। हमारे जिले में जो गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान है और कोरिया जिला का जो राष्ट्रीय उद्यान है और सूरजपुर बलरामपुर जिले का कुमार पिंगला है उन दोनों को जोड़कर भारत का तीसरा सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान गुरु घासीदास कुमार पिंगला टाइगर रिजर्व बनाने का काम किया है। इसको माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी अपने मन की बात में दिया है। इससे हमारे चिरमिरी क्षेत्र में भी पर्यटन के अवसर पढ़ेंगे, यहां कई पर्यटन के लिए अवसर है, यहां पर तमाम जो विकास के काम है उसको करने का काम मिलेगा। मैं आज आप सब लोग से अपील करता हूं कि पिछले समय किस प्रकार से भ्रष्टाचार हुआ, जिस प्रकार से लूटने का काम हुआ। चिरमिरी नगर निगम में बिना काम कराये करोडो रूपए का घोटाला करने का काम किया गया। स्टंट बाजी करके चुनाव जीतने का प्रयास करने का काम किया गया, उन सबको सबक सिखाने का समय आ गया है।

# पुलिस ने म्यूल अकाउंट्स के माध्यम से लगभग 6 करोड़ की ठगी को किया उजागर,10 आरोपी हुए गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,07 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व साइबर एवं यातायात प्रभारी रवींद्र कुमार मीना(भा.पू.से), एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के नेतृत्व में कोरबा सायबर सेल एवं थाना सिविल लाइन की संयुक्त कार्यवाही में म्यूल अकाउंट्स के जरिये ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। इस ऑपरेशन में अब तक 35 म्यूल अकाउंट्स हुआ पहचान जिसमें 10 आरोपियों के खिलाफ अपराध क्र. 67/2025 धारा 318(4),61(2) (ए), 111 बीएनएस अंतर्गत आरोपी 01.आकाश दास पिता सहाजन दास उम्र 27 साल साकिन सलियाभोठा सुमेघा थाना बाकीमोगरा छ.ग.,2. अजय दुबे पिता पवन दुबे उम्र 35 साल साकिन डिगापुर टावर के पास थाना सिविल लाईन रामपुर जिला कोरबा, 3. आयुश तिवारी पिता गंगा प्रसाद तिवारी उम्र 23 साल साकिन पुरानी बस्ती भण्डारी चौक कोरबा,4. सचिन कुमार पिता बली राम उम्र 21 साकिन जमनीपाली मोहन टाकिज के पास थारी दर्री कोरबा,5. सरफराज मसूवी पिता आलिम मिया उम्र 19 साल साकिन शिव नगर रूमगढा थाना बालको नगर कोरबा,6. लखन चौहान पिता राम जतन चौहान उम्र 25 साल साकिन इंदिरा नगर जमनीपाली थाना दर्री कोराब,7. शिव रतन बिझवार पिता अत्ती राम बिझवार उम्र 41 साल साकिन कुचैना दादर पारा थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा,8. अमित बरेठ पिता रमेश बरेठ उम्र 20 साल साकिन महुदा चांपा थाना चांपा जिला जांजगीर चापा,9. सुशात चतुर्वेदी पिता राजेन्द्र दास उम्र 20 साल साकिन 15 ब्लाक कोरबा सीएसईबी थाना सिविल लाईन रामपुर कोरबा,10. अजय कमलेश पिता दुग राम कमलेश उम्र 21 साकिन न्यू हाउसिग बोड कॉलोनी खरमोरा पर कार्यवाही की गई है, जिनमें कई खाता धारक एवं अन्य लोग शामिल हैं, जिन्होंने ठगी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराए थे। अब तक की जांच में लगभग 6 करोड़ रुपये के संदेहास्पद लेनदेन का खुलासा हुआ है, जो फर्जी बैंक खातों के माध्यम से किया गया था। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### कोरबा पुलिस की अपील अपना बैंक खाता दूसरों को न दें, साइबर ठगी से बचें

कोरबा पुलिस,नागरिकों से अपील करती है कि वे अपने बैंक खाते, कंपनी पंजीकरण प्रमाणपत्र या उद्यम आधार प्रमाणपत्र किसी को न बेचें, न किराए पर दें और न ही किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग करने दें। ऐसा करने से आप ठगी, मनी लॉन्ड्रिंग और साइबर अपराध में फंस सकते हैं, जिससे गंभीर कानूनी कार्यवाही हो सकती है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलमणी खाखा पिता जिनीयुस खाखा जाति उरांव निवासी नावापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 30/3 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा,सेटलमेंट,ले-आउट,रजिस्ट्री की प्रति,आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है,जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 20/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,

रा.प्र.क्र./अ- 6/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरारी साव आ0 स्व0 बाढ़ो साव, अध्यक्ष ताम्रकार समाज, अम्बिकापुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अनावेदकगण मटुकधारी लाल, दिनंश कुमार दीनबन्धु आ0 स्व0 हरिहर साव वगैरह के पिता स्व0 हरिहर प्रसाद के द्वारा स्वयं के स्वत्व एवं आधिपत्य की नगर अम्बिकापुर मोहल्ला-केदारपुर स्थित प्लॉट नं0 282/3 में से रकबा 0.005 हे0 भूमि को पंजीबद्ध दान पत्र, पंजीयन दिनांक 29/11/1985 के माध्यम से अध्यक्ष जिला ताम्रकार समाज अम्बिकापुर को दान कर उसका कब्जा उन्हें सौंप दिये है। अतः उक्त पंजीबद्ध दानपत्र के आधार पर आवेदक द्वारा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में नाम दर्ज कराने हेतु दान पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज संहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता संहित 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा- आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24/02/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,

रा.प्र.क्र./अ- 6/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमारी वाधवानी पत्नि किशन लाल वाधवानी अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के द्वारा अनावेदक अनुप कुमार मिश्रा आ0स्व0रेवती रमण मिश्रा निवासी शीतला वार्ड, अम्बिकापुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की शीट नं. 09 , मोहल्ला बाबूपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लॉट नं0 3311/2, 3312/2, में से रकबा 312 वर्गफीट भूमि पर निर्मित दुकान को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 05.09.2017 के माध्यम से क्रय किया गया है अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में कैफियत कालम में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज संहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता संहित 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा- आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 21/02/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,

रा.प्र.क्र./अ- 6/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरप्रीत सिंह आ0स्व0 पपेन्द्र सिंह निवासी केदारपुर अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के पिता पपेन्द्र सिंह के स्वामित्व एवं आधिपत्य मोहल्ला-फुन्दुरडिहारी, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लॉट नं0 120/92 रकबा 6170.35 वर्गफीट भूमि है। भूधारक पपेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 22.06.2024 को हो गई है। अत भूधारक की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक के द्वारा फौती नामांतरण के आधार परः उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से वर्तमान भूधारक का नाम विलोपित कराते हुए स्वयं का नाम नामांतरण कराने हेतु भूधारक की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज संहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता संहित 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा- आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 21/02/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

# क्या भाजपा नगर पंचायत पटना का चुनाव विधानसभा व लोकसभा की तर्ज पर लड़ रही है?

**पटना नगर पंचायत चुनाव विधानसभा व लोकसभा चुनाव से कम नहीं...बड़े नेताओं की वजह से पटना छावनी में तब्दील**

**कांग्रेस निष्कर्ष में व्यस्त भाजपा अपनी प्रत्याशियों को चुनाव की नैया पार कराने में व्यस्त**

**काफी रोमांचक होता जा रहा है पटना नगर पंचायत चुनाव,निर्दलीय प्रत्याशियों की भी भूमिका हो सकती है महत्वपूर्ण**

**पटना नगर पंचायत को लेकर भाजपा के नेताओं की साख दांव पर**





-रवि सिंह-
कोरिया/पटना 07 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी तालाब से समंदर की ओर बढ़ रही है और जो पार्टी समुद्र थी वह सुखकर तालाब का आकार ले रही? यह सवाल इसलिए हो रहा है क्योंकि इस समय यदि राष्ट्रीय पार्टियों की बात की जाए तो भारतीय जनता पार्टी आकर में समुद्र बनती जा रही है और उसकी वजह यह है कि वह किसी भी चुनाव को छोटा या बड़ा नहीं समझती सभी चुनाव को वह गंभीरता से लेती है और सभी को जीतने के लिए लड़ती है, यही उनका जुझारूपन व संगठनात्मक सोच भारतीय जनता पार्टी को अब तक ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है, आगे



इस पार्टी में क्या होगा इसका तो पता नहीं पर आज की स्थिति में भारतीय जनता पार्टी काफी बड़ी पार्टी होती जा रही है, इनके अंदर का अनुशासन इसे ऊंचाइयों पर पहुंचा रहा है यह बात इसलिए हो रही है क्योंकि कोरिया जिले के इकलौते प्रथम बार गठित हुए नगर पंचायत पटना चुनाव को देखकर कुछ ऐसा ही लग रहा है पटना नगर पंचायत नवीन नगर पंचायत है जहां पहली बार नगरीय निकाय चुनाव हो रहा है यहां पर मतदाता लगभग 4000 से 4500 हजार हैं और इस 4000 से 4500 मतदाताओं के बीच तकरीबन 5 अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं। यहां दो राष्ट्रीय दल भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी के अलावा एक गोंडवाना समर्थित तो दो निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा प्रत्याशी पहले तय नहीं हो पा रहा था, वहीं प्रत्याशी तय करने के बाद से ही उस प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए मैदान पर डट गई है, चुनाव में मात्र तीन दिन बचे हैं पर बड़े-बड़े नेताओं से लेकर पूरे संगठन के लोग अपने प्रत्याशी को जितवाने के लिए सुबह से शाम तक जमीन पर मेहनत करते दिख रहे हैं, सभी की मेहनत नजर आ रही है रात में जगह-जगह नुक्कड़ सभा भी आयोजित किया जा रहा है, ऐसी व्यवस्था हर वार्ड में की गई है। भारतीय जनता पार्टी का कहना है प्रत्याशी को मत देखिए पार्टी




को देखकर विश्वास कीजिए कि आपका मत खराब नहीं होगा, आपको एक बेहतर नगर सरकार हम देंगे क्योंकि प्रत्याशी हमारा जो भी है वह सरकार के निर्देश पर कार्य करेगा और वह का प्रत्याशी होगा अब भाजपा की सरकार प्रदेश में है और भाजपा की जिम्मेदारी है की आपको सही सरकार दें। भाजपा नगर सरकार बनते ही पक्के घर और नजूल कब्जे की भूमि पर पट्टे के वितरण का कार्य करने जा रही है।

### कांग्रेस अपने प्रत्याशी के लिए वह ताकत नहीं जुटा पा रही जो ताकत भारतीय जनता पार्टी झोंक रही है...

भाजपा अपने प्रत्याशी के लिए हर तरह से मेहनत कर रही है। कैबिनेट मंत्री का मैदान में आकर पैदल प्रचार करना बताता है कि भाजपा कितनी सतर्क और गंभीर है चुनाव को लेकर वही कांग्रेस का वह जुझारूपन नजर नहीं आ रहा है चुनाव में।भाजपा जहां मंत्री को मैदान में लेकर आ चुकी है वहीं कांग्रेस की भी तैयारी है वह किसी को लाएगी लेकिन वह कौन होगा अभी तक तय नहीं है।

### नजूल भूमि का पट्टा...हर बेघर को पक्का घर है भाजपा का है ब्रह्मास्त्र

भाजपा के पास अब कई ब्रह्मास्त्र हैं क्योंकि वह सरकार में है प्रदेश की। भाजपा का वादा है कि वह सभी नजूल पट्टे धारियों को पट्टा देकर चिंता मुक्त करेगी वहीं वह बेघर को घर देगी जो दोपहिया टीवी फ्रिज कूलर वाले होंगे उन्हें भी । पटना में भी नजूल पट्टे पर काबिज लोगों की संख्या काफी है और पटना में नए आवास के लिए आवेदनों की संख्या भी काफी है ऐसे में यदि भाजपा को नगर पंचायत में जीत मिलती है तो इस मामले में लोगों को राहत और फायदे की उम्मीद है। अब देखना है कि ऐसे लाभार्थी जिन्हें पट्टा या नए आवास चाहिए वह क्या करते हैं क्या वह अपना लाभ चुनते हैं या वह अन्य को मौका देते हैं।



### हर वार्डों में पहुंच रहे हैं वर्तमान भाजपा विधायक भईयालाल राजवाड़े

भाजपा से बैकुंठपुर विधायक भईयालाल 77 वर्ष की उम्र में देर रात तक पटना में प्रचार कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने वाल जी जान लगा चुके हैं। प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर भईयालाल राजवाड़े भाजपा प्रत्याशी के लिए मतदाताओं से मत की मांग कर रहे हैं। भईयालाल राजवाड़े वार्ड वार्ड बैठक समीक्षा कर रहे हैं व्यक्तिगत मुलाकात करके भी वह मतदाताओं और वरिष्ठ लोगों से बात कर भाजपा प्रत्याशी की जीत का मार्ग तय कर रहे हैं।

### कांग्रेस की पूर्व विधायक ने नगर पंचायत चुनाव से बनाई दूरी

जहां भाजपा विधायक लगातार भाजपा प्रत्याशी के लिए दिन रात एक किए हुए हैं वहीं पूर्व विधायक पूरे चुनाव से दूरी बनाए हुए हैं। अब तक के प्रचार अभियान के दौरान उन्हें एक दिन भी नहीं देखा गया है। पूर्व विधायक की चुनाव प्रचार से दूरी समझ से भी परे है। वैसे वह जिला जनपद से भी दूरी बनाए हुए हैं। कुल मिलाकर वह एकांत में हैं और स्थानीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वह कोई भी रुचि नहीं दिखा रही हैं।

### भाजपा अपने प्रत्याशी के लिए कर रही जी तोड़ मेहनत पर वहीं कांग्रेस पीछे

भाजपा पटना में जी तोड़ मेहनत करती नजर आ रही है। कांग्रेस नेता अभी भाजपा नेताओं के मुकाबले पीछे हैं प्रचार में।भाजपा का प्रचार जमीन पर चलकर दिख रहा है भाजपा लगातार जमीनी संपर्क करने में व्यस्त हैं वहीं कांग्रेस अपने प्रत्याशी के लिए केवल बाहरी नेताओं के भरोसे हैं जो घूमकर केवल माहौल का जायजा ले पा रहे हैं और मान मनौवल का वह असफल प्रयास कर पा रहे हैं। पटना की राजनीति में बाहरी दखल से फायदा कम नुकसान ज्यादा होगा यह पटना के लोगों का ही मानना है। वैसे अब देखना है कि कांग्रेस भाजपा में अंत में कौन आगे निकलता है।

## निगम क्षेत्र के सभी युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी : नंदिनी साहू




-संवाददाता-
कोरबा,07 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।


बहुजन समाज पार्टी महापौर प्रत्याशी नंदिनी साहू ने प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकार आयोजित कर अपने संकल्प पत्र के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि महापौर बनने पर उनकी विभिन्न प्राथमिकताएं रहेगी। भू कर, जलकर, माफ करना और नगर पालिका निगम में नामांतरण, निः शुल्क किया जाएगा। रोजगार गारंटी युवक/युवतियों का अधिकार है जिसे हम पूरा करेंगे। संजीवनी योजना के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा और दवाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। 24 घण्टे के भीतर जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र की घर पहुंच सेवा शुरू की जाएगी। नगर पालिका निगम क्षेत्र के सभी हिन्दी माध्यम स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में उन्नयन किया जाएगा। सभी महिलाओं के लिए निः शुल्क बस मिलेगी। प्रतिभावान विद्यार्थीयों को 15 रूपये स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृध्दजनों को 2000/- रूपये पेंशन प्रदान करेंगे। नगर निगम क्षेत्र के सभी स्कूलों में कापी पुस्तक, गणवेश मुफ्त दी जाएगी। कोरबा नगर पालिका निगम में 24 घण्टे स्वच्छ जल की सुविधा,सभी लोगों को पी. एम. आवास के अन्तर्गत पक्का मकान, नगर पालिका निगम के महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क बस सेवा की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण और रख-रखाव यूरोपीय मानकों के अनुसार किया जाएगा।आटो रिक्शा ई रिक्शा चलाने वाले लोगों का दस लाख रूपये का इंश्योरेन्स किया जाएगा। 5 लाख तक स्वास्थ्य बीमा मुफ्त किया जाएगा। रोजगार गारंटी नगर पालिका निगम क्षेत्र के सभी युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। दलित वर्ग के बच्चों का विदेश में पढ़ाई का पुरा खर्च नगर पालिका निगम उठाएगी। मृत्यु सहायता राशि 10 हजार रूपये दी जाएगी। सभी युवा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए सिविल सेवा, नीट / जे.ई.ई.ई., सी.जी.पी.एस. सी., यू.पी.एस.सी., व्यापम की परीक्षा के लिए निः शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। निगम के आय व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाएगा।

## नवनिर्मित नगर पंचायत पटना में भाजपा प्रत्याशी पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

» हाई प्रोफाइल पार्षद प्रत्याशी के कहने पर वार्ड के बिजली खंभों में लग रहा था लाइट
» विपक्षियों को सूचना मिलने पर रुकवाया गया काम,हुई शिकायत
» वहीं अब फर्जी फॉर्म भरवाने का एक नया मामला पटना नगर पंचायत में
» हितग्राहियों से आचार संहिता के दरमियान भाजपाइयों द्वारा भरवाया जा रहा आवास का फॉर्म
» कुल मिलाकर भाजपा प्रत्याशी कर रहे खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन
» निर्वाचन अधिकारी से शिकायत पर क्या होगी कार्रवाई, या सत्ता के दबाव में दब जाएगा मामला

-रवि सिंह-
कोरिया/पटना,07 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में नवनिर्मित नगर पंचायत पटना अपने निर्माण के समय से ही सुर्खियों में है। पहले नगर पंचायत का विरोध, फिर विरोध करने वाले व्यक्ति का अनायास ही भाजपा में प्रवेश, और उसके बाद भाजपा द्वारा नव प्रवेशित कांग्रेसी को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाना, सब कुछ अप्रत्याशित रहा है इस नगर नगरीय निकाय चुनाव में। कोरिया जिले से एकमात्र नगर पंचायत पटना का चुनाव संपन्न होने जा रहा है, जो नित्य नए कर्म के कारण सुर्खियों में प्रतिदिन आता रहा है। इस चुनाव में काफी दिग्गज लोग भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इसमें सबसे हाई प्रोफाइल वार्ड क्रमांक 6 को माना जा रहा है, जहां से श्री रवि शंकर शर्मा भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। कोरिया भाजपा में इनका कद बड़ा रहा है, यह पटना मंडल के दो बार अध्यक्ष, पटना आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में सदस्य के साथ उपाध्यक्ष और अविभाजित कोरिया भाजपा के दो बार उपाध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में भाजपा संगठन में यह जिला कार्य समिति के सदस्य, ब्राह्मण समाज




जिला कोरिया के संरक्षक, गायत्री प्रज्ञा पीठ पटना कोरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, और श्री श्री 108 श्री दुर्गा समाज सेवा समिति पटना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं।

कुल मिलाकर इन सब बातों का लब्बोलुआब अभी यह है कि नगर पंचायत पटना में इनसे कद्दावर प्रत्याशी कोई नहीं है। परंतु पटना नगर पंचायत चुनाव में सर्वप्रथम आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप भी इन्हीं पर लगा है। विपक्षियों ने जो आरोप लगाया है और जो फोटो वीडियो जारी किया है, उसके अनुसार हाई प्रोफाइल वार्ड क्रमांक 6 में आचार संहिता के दरमियान हाई प्रोफाइल पार्षद प्रत्याशी के कहने पर सड़कों में स्थित बिजली खंबो में स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा था। जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर गोंडवाना नेता एवं पार्षद प्रत्याशी अखिलेश गुप्ता टीम के साथ कार्यस्थल पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों से संपर्क कर कार्य को रुकवाया। उनका आरोप है कि जो कार्य 15 से 20 साल तक ग्राम पंचायत में इनकी सत्ता शासन रहने पर नहीं लग पाया था, वह अचानक वोटरों को लुभाने और बरगलाने के लिए लगाया जा रहा था, जो की आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। वहीं अब एक दूसरा मामला भी पटना नगर पंचायत में सामने आ रहा है जहां भाजपा प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं द्वारा पटना नगर पंचायत के निवासियों से शहरी आवास का फार्म भरवाने की बात सामने आ रही है। जो की आचार संहिता के दरमियान पूरी तरह गलत है। क्योंकि जब तक नगर सरकार का गठन नहीं हो जाता और कार्यों की स्वीकृति नहीं मिल जाती, यह संभव नहीं है। परंतु वोटरों को लुभाने और अपने पक्ष में करने के लिए इस प्रकार के कृत्य किये जा रहे हैं, जो आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। जिसकी शिकायत भी निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष की गई है। अब देखने वाली बात यहां होगी कि शिकायतों पर कोई कार्यवाही होती है या नहीं। अन्यथा सत्ता शासन के दबाव में सब कुछ टांय टांय फिस्स हो जाएगा। और सत्ता पक्ष का लाभ भाजपा प्रत्याशियों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा।

## मोर जल मोर माटी ने लाख की खेती के माध्यम से ग्रामीण आय को दिया बढ़ावा

-संवाददाता-
कोरबा,07 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी सामुदायिक विकास पहल मोर जल मोर माटी के अंतर्गत लाख खेती के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। इसका उद्देश्य लाख की खेती पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर, किसानों को सशक्त बनाना है। इस प्रशिक्षण में उन लोगों पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिनके पास बेर, कुसुम और पलाश जैसे पेड़ हैं जो इस के लिए आवश्यक हैं। अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचने के लिए अनेक सत्र आयोजित किये गए। आयोजित सत्र में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। आने वाले समय में कई प्रशिक्षण सत्र और आयोजित किये जाएंगे। आने वाले समय में अधिक किसान इस पहल से लाभान्वित होंगे। आय के द्वितीयक स्रोत के रूप में लाख की खेती की शुरुआत कर बालको ने 400 से अधिक किसानों के लिए ?50,000 की अतिरिक्त औसत आय उत्पन्न करने में मदद की है।

छत्तीसगढ़ एक प्रमुख लाख उत्पादक राज्य है। जलवायु परिवर्तन के कारण पैदावार में उतार-चढ़ाव का सामना कर रहा कोरबा कभी एक प्रमुख उद्योग केंद्र था। 2023 में मोर जल मोर माटी पहल ने आधुनिक तरीकों के साथ झारखंड से विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करके क्षेत्र में लाख की खेती को पुनर्जीवित किया। इसने स्थानीय किसानों और कर्मचारियों को सशक्त बनाया है। किसान अब संसाधनों को साझा करते हैं और साथ मिलकर खेती करते हैं। इस पहल के साथ ब्रूड लाख की आपूर्ति होती है। इसकी खेती साल में दो बार होती है। बीज उत्पादन तथा व्यावसायिक उत्पादन, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन में वृद्धि होती है। लकड़ी की फिनिशिंग, भोजन, सौंदर्य प्रसाधन, आभूषण इत्यादि जरूरी चीजों में इसका उपयोग होता है। इसके व्यावसायिक मूल्य के साथ लाख की खेती समुदायों के लिए स्थायी आजीविका का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही समुदाय द्वारा संचालित भूमि प्रबंधन को बढ़ावा देने तथा जैव विविधता संरक्षण में सहायता प्रदान करती है। कौशल और ज्ञान की कमी ने इसके विकास को सीमित कर दिया है। वैज्ञानिक खेती के तरीकों को अपनाने से मौजूदा लाख उगाने वाले क्षेत्रों में उत्पादकता को बढ़ावा मिलै है। लाख के उप-उत्पाद में रंग और मोम शामिल हैं। इसका उपयोग खाद्य, सौंदर्य प्रसाधन, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चिपकने वाले पदार्थ, वार्निश और पेंट जैसे उद्योगों में किया जाता है। बेहतर खेती के तरीके लाभप्रद होने के साथ किसानों को पारंपरिक फसलों के लिए अधिक आकर्षक विकल्प भी प्रदान करता है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि मोर जल मोर माटी प्रोजेक्ट के माध्यम से हम किसानों को कृषि नवाचार एवं आधुनिक तकनीक के जोड़कर सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। किसानों को नई तकनीक अपनाने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधन से सशक्त बनाकर हम दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। आय का एक अतिरिक्त स्रोत प्रदान कर हम ग्रामीण समुदाय की आजीविका का समर्थन कर रहे हैं। यह प्रतिबद्धता आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने और सभी क्षेत्रों में स्थिरता बढ़ाने के हमारे व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है।



## डी जोरजी,हरमन ने सनराइजर्स को तीसरे एसए 20 फाइनल में पहुंचाया

**सेंचुरियन,07 फरवरी 2025।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार तीसरी बार एसए20 फाइनल में जगह बना ली, जहां टोनी डी जोरजी और जॉर्डन हरमन ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम अब खिताबी हैट्रिक की ओर बढ़ रही है। इस मैच में आखिरकार सनराइजर्स के शीर्ष क्रम ने लय पकड़ ली। डी जोरजी ने सेंचुरियन में यादगार पारी खेली। वह चोटिल पैट्रिक क्रूगर की जगह टीम में देर से शामिल हुए थे। इस दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने अपनी अंतरराष्ट्रीय क्षमता दिखाते हुए 49 गेंदों में 78 रनों की तेज पारी खेली। उनकी बदौलत सनराइजर्स ने 175 रनों का लक्ष्य सिर्फ दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन ने भी बेहतरीन खेल दिखाया और डी जोरजी के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 111 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी ने न सिर्फ मैच का रुख बदल दिया बल्कि रॉयल्स की उम्मीदें भी तोड़ दीं। हर्मन 48 गेंदों पर 69 रन बनाकर नाबाद लौटे।


# दूसरे वनडे में खेलेंगे कोहली या नहीं ?

## उपकप्तान शुभमन गिल ने मैच से पहले साफ कर दी पूरी तस्वीर

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2025।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में चोटिल होने की वजह से स्टार बल्लेबाज विराट कोहली घुटने में दर्द होने के कारण नहीं खेले थे। तब उनकी जगह यशस्वी जायसवाल को डेब्यू का मौका मिला था। कोहली प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं थे। फिर भी टीम इंडिया ने पहला मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा मुकाबला 9 फरवरी को खेला जाएगा। फैंस के मन में यही सवाल कौंध रहा है कि क्या कोहली दूसरे वनडे मैच में खेलेंगे या नहीं। इस पर टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि कोहली दूसरे वनडे में निश्चित तौर पर खेलेंगे।

### पहले वनडे में नंबर-3 पर उतरे थे शुभमन गिल

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज की उपकप्तानी शुभमन गिल को मिली है। उन्होंने डिजनी हॉटस्टार से बात करते हुए कहा कि उनकी (विराट कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छी प्रैक्टिस की थी, लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे। गिल इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने उतरे थे। जबकि आमतौर पर वह ओपनिंग करते हैं। पहले वनडे में उन्होंने कुल 87 रन बनाए थे और टीम की जीत में अहम भूमिका अदा की थी।





### खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं कोहली

शुभमन गिल के बयान से साफ होता है कि वह विराट कोहली दूसरे वनडे मैच में खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पिछले कुछ समय से कोहली अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले वह लय में हासिल करना चाहेंगे। इस अहम टूर्नामेंट से पहले भारत को अभी दो वनडे मैच और खेलने हैं।

### मैच की स्थिति की अनुसार खेलाः शुभमन गिल

शुभमन गिल ने कहा कि नहीं मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं फील्डिंग पर फोकस कर रहा था और उसी के अनुरूप अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाजों पर हावी होने की कोशिश कर रहा था। टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं इसलिए मुझे बहुत अधिक सामंजस्य नहीं बिठाना नहीं पड़ा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना बेहद चुनौती पूर्ण होता है क्योंकि आपको खेल की स्थिति के अनुसार खेलना होता है।

# बढ़ गई पाकिस्तानी टीम की टेंशन



### » स्टार प्लेयर चोटिल होने से इतने हफ्तों तक रहेगा बाहर

**मुलतान,07 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तानी टीम में युवा बल्लेबाज सैम अयूब को जगह नहीं मिली है, क्योंकि वह साउथ अफ्रीका दौरे पर चोटिल हो गए थे। तब से ही वह क्रिकेट के मैदान से दूर हैं और उनका रिहैबिलिटेशन जारी है। अयूब पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और उनका चैंपियंस ट्रॉफी में ना होना पाकिस्तान के लिए किसी झटके से कम नहीं है।

### 10 हफ्ते के लिए बाहर हुए सैम अयूब

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी प्रेस रिलीज में बताया है कि सैम अयूब दाहिने टखने के फ्रैक्चर से उबरने में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। वह इंग्लैंड में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे। स्क्र्द्ध स्कैन और एक्स-रे के बाद सैम को उनकी चोट की तारीख (3 जनवरी) से 10 हफ्ते के लिए बाहर कर दिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद पाकिस्तानी टीम को न्यूजीलैंड दौरे पर लिमिटेड ओवर्स की सीरीज खेलनी है, जहां उनकी उपलब्धता फिटनेस टेस्ट और चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने पर निर्भर होगी।

### साउथ अफ्रीका में हुए थे चोटिल

सैम अयूब का साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में गेंद को रोकते समय टखना मुड़ गया था। इसके बाद वह दर्द से कराहने लगे थे और फिर उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर ग्राउंड से बाहर ले जाया गया। जब वह ग्राउंड से बाहर जा रहे थे, तो उनकी आंखों में आंसू थे। शुरुआती उपचार के बाद उन्हें बैसाखी के सहारे चलते हुए देखा गया था। हालांकि तब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा था कि वह 6 हफ्ते के लिए ग्राउंड से बाहर रहेंगे, जिससे उनके चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की कुछ उम्मीद थी। लेकिन वह अभी भी फिट नहीं हो पाए और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनका चयन नहीं हुआ।



## स्टीव स्मिथ का बजा श्रीलंका में डंका

### » कप्तान बनते ही कर दिया ये कमाल

**मेलबर्न,07 फरवरी 2025।** स्टीव स्मिथ इस वक्त श्रीलंका में हैं और वहां पर कमाल की बल्लेबाजी कर रहे हैं। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी स्टीव स्मिथ ही संभाल रहे हैं। वैसे तो स्मिथ दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाज हैं, लेकिन ऐसा लग रहा है कि कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से मिलते ही वे और भी ज्यादा आक्रामक हो गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है।

### इस रिकॉर्ड में रिकी पोंटिंग के बराबर पहुंचे स्मिथ

स्टीव स्मिथ की ये 50 रनों से ज्यादा की पारी इसलिए और भी ज्यादा अहम हो जाती है, क्योंकि ये एशिया में आई है। माना जाता है कि एशिया की टर्निंग पिच पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बल्लेबाज ज्यादा रन नहीं बना पाते। टेस्ट क्रिकेट में एशिया में ये उनकी 15वीं 50 से ज्यादा रनों की पारी है और ये काम उन्होंने 42 पारियों में ही कर लिया है। इससे पहले केवल रिकी पोंटिंग की ऐसे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं, जो 15 बार 50 रन से ज्यादा की पारी खेल पाए हैं। उन्होंने ये मुकाम 48 पारियों के बाद छुआ था। इस लिस्ट में ऐलन बॉर्डर भी हैं, जो 14 बार ये कमाल कर चुके हैं। यानी अब स्टीव स्मिथ ने ऐलन बॉर्डर को पीछे छोड़कर रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है।

### स्टीव स्मिथ केवल जैक कैलिस से ही पीछे

स्मिथ की ये टेस्ट क्रिकेट में 206वीं पारी है। केवल साउथ अफ्रीका के जैक कैलिस ही ऐसे बल्लेबाज हैं, जो इतनी टेस्ट पारियां खेलकर सबसे ज्यादा बार 50 प्लस का स्कोर बना चुके हैं। जैक कैलिस ने जब तक 206 टेस्ट पारियां खेली थी, तब तक उनके नाम 78 बार 50 प्लस का स्कोर था, वहीं स्टीव स्मिथ 77 बार ये काम कर चुके हैं। खास बात ये है कि यहां भी स्मिथ ने रिकी पोंटिंग की बराबरी की है। पोंटिंग ने भी 206 पारियों के बाद 77 बार ही 50 से ज्यादा रन की पारी खेली थी। स्टीव स्मिथ ने इसी सीरीज के पहले मैच में 141 रनों की धांसू पारी खेली थी और अब अर्धशतक पूरा करने के बाद नाबाद हैं। सीरीज का पहला मैच जीतकर ऑस्ट्रेलियाई टीम बढ़त बना चुकी है और अब उसकी कोशिश है कि दो मैचों की सीरीज में श्रीलंका का सूपड़ा साफ किया जाए। इस वक्त तो ऑस्ट्रेलियाई की टीम ड्राइविंग सीट पर नजर आ रही है।

## अंडर-19 महिला टी 20 विश्व कप जीतना मेरे लिए अब तक का सबसे सुखद क्षण



**नई दिल्ली,07 फरवरी 2025।** क्रिकेट की दुनिया में ऐसे पल बहुत कम होते हैं, जब कोई खिलाड़ी सच्ची खुशी महसूस करता है। लेकिन परूनिका सिसोदिया के लिए भारत को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप जिताना उनकी जिंदगी का सबसे खुशहाल पल था।

2 फरवरी को कुआलालंपुर के बायूएमास ओवल मैदान पर जब सानिका चालके ने मोनालिसा लेगोडी की गेंद पर चौका लगाया, तो भारत ने 2025 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप जीत लिया। इससे दो साल पहले भारत ने दक्षिण अफ्रीका में यह खिताब अपने नाम किया था और अब इस जीत से उन्होंने अपनी बादशाहत बरकरार रखी। परूनिका ने बातचीत में बताया, जब वह विजयी शॉट लगा, तो मुझे ऐसा महसूस हुआ जैसा पहले कभी नहीं हुआ था। इस विश्व कप को जीतना मेरे लिए एक सपना था। पहले संस्करण में मैं टीम का हिस्सा नहीं बन पाई थी, लेकिन इस बार मैंने टीम के लिए खेला और यह खिताब जीतकर मुझे सिहरन हो रही थी। अब भी जब मैं इसके बारे में बात कर रही हूं, तो रोंगटे खड़े हो रहे हैं। यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार पल था। विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम में जबरदस्त जश्न मना। परूनिका ने कहा, हम नहीं जानते थे कि हम क्या कर रहे हैं। बस खुशी के मारे हाथ उठा रहे थे, हंस रहे थे और उस पल को जी रहे थे। टीम के खिलाड़ियों ने मैदान पर खूब मस्ती की। कोई जमीन पर लेट गया, कोई नाचने लगा। उन्होंने कई मजेदार तस्वीरें खिंचवाई, भाविका आहिरे का हार्दिक पांड्या स्टाइल सेलिब्रेशन भी शामिल था। आपने हमारी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जरूर देखी होंगी, और आगे भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। परूनिका के लिए यह सफर आसान नहीं था। 2023 में टीम में जगह न बना पाने का दर्द उन्हें अब भी याद है, लेकिन 2025 के इस टूर्नामेंट में उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से 10 विकेट चटकाए और टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

## महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सोनम ने कहा,मुझे खेलने की उम्मीद भी नहीं थी

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2025।** महज 19 साल की उम्र में सोनम ने महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में बेहतरीन प्रदर्शन करके सुर्खियां बटोरीं, क्योंकि उनके महत्वपूर्ण गोलों ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को पहले सीजन में फाइनल में पहुंचने में मदद की। हरियाणा की रहने वाली यह फॉरवर्ड टूर्नामेंट की दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थी और भारतीयों के बीच चार्ट में सबसे ऊपर थी।

अपने ब्रेकआउट सीजन के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, मुझे कोई मैच खेलने की उम्मीद भी नहीं थी क्योंकि मैं बहुत छोटी थी और मेरी टीम में कहीं ज़्यादा अनुभवी हमलावर थे।

उन्होंने कहा, जब मुझे दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ़ पहले मैच में खेलने का मौका मिला, तो मुझे पता था कि मुझे खेलने वाली टीम में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।

अपने लगातार गोल और मौके बनाने की बदौलत, सोनम विरोधी टीमों के लिए एक बड़ा खतरा बन गई। जब उनसे उनकी सफलता के राज के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, हमारी टीम ने हॉकी की बेहद आक्रामक शैली खेली, जिससे स्ट्राइकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे पता था कि टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, इसलिए मैंने यथासंभव अधिक से अधिक गोल करने की कोशिश की।



सोनम को मैदान पर उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया, क्योंकि उन्हें टूर्नामेंट की आगामी खिलाड़ी का खिताब दिया गया। मुझे इस पर बहुत गर्व है और इसने मुझे पहले से कहीं अधिक प्रेरित किया है। मुझे पता है कि मैं और बेहतर खेल सकती हूं और बहुत आगे जा सकती हूं, और मैं अपने देश के लिए खेलने की पूरी कोशिश करूंगी। सोनम ने कहा, मेरे कोच (जूड मेनेजेस) ने मेरी बहुत मदद की और जब भी मुझे किसी चीज की जरूरत पड़ी, वे हमेशा मेरे साथ रहे। उन्होंने मुझे यह पुरस्कार जीतने के लिए बहुत प्रेरित किया। सोनम ने यह भी बताया कि बचपन में उनकी आदर्श रानी रामपाल सिंह थीं, जिनके साथ उन्हें एचआईएल में काम करने का मौका मिला।

अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने उत्साहपूर्वक कहा, हर मैच के बाद, वह (रानी रामपाल) मुझे मेरी गलतियां बताती थीं और उन्हें सुधारने में मेरी मदद करती थीं। उन्होंने मेरा बहुत साथ दिया है और मैं उनकी तरह बनना चाहती हूं। जब सूरमा फाइनल हार गए, तो सोनम को मैदान के किनारे रोते हुए देखा गया, जिससे पता चलता है कि वह अपनी टीम के साथ खिताब जीतना कितना चाहती थी। सोनम ने कहा, हम इतिहास बनाना चाहते थे और हर किसी की तरह जीतना चाहते थे, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, तो मुझे बहुत अजीब लगा और मैं रोने लगी। हीरो एचआईएल में सोनम के शानदार प्रदर्शन ने अब आखिरकार उन्हें राष्ट्रीय शिविर में जगह दिला दी है क्योंकि उन्हें भुवनेश्वर में होने वाले एफआईएच महिला प्रो लीग मैचों के लिए रिजर्व में चुना गया है। उन्होंने भारत के लिए अपने चयन पर टिप्पणी करते हुए कहा, जब मेरे परिवार ने यह खबर सुनी तो वे बहुत खुश हुए। मुझे अच्छा लग रहा है और मुझे विश्वास है कि मैं भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकती हूं। मैं यहां शिविर में वरिष्ठ खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीख रही हूं और अगर मुझे खेलने का मौका मिलता है तो मैं इसका पूरा फायदा उठाऊंगी।





## पुष्पा 2 का क्रेज जारी,अब नेटफ्लिक्स पर उड़ाया गरदा

### ग्लोबली ट्रेंड कर रही अल्लू अर्जुन की मास ड्रामा फिल्म

पुष्पा 2: द रूल निस्संदेह इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बन चुकी है, जिसने दर्शकों के दिलों और बॉक्स ऑफिस पर राज किया और इस साल की सबसे बड़ी फिल्म के रूप में उभरी। इस फिल्म ने भारत में 800 करोड़ और वर्ल्ड वाइड 1800 करोड़ का आंकड़ा पार किया है, जिससे यह एक अभूतपूर्व सफलता बन गई है। जहां यह बॉक्स ऑफिस पर अपनी धूम मचा रही है, वहीं अब ओटीटी पर भी रिकॉर्ड तोड़ते हुए यह ग्लोबली ट्रेंड कर रही है। पुष्पा 2: द रूल के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें फिल्म की जबरदस्त सफलता का ऐलान करते हुए कहा है कि यह फिल्म अब नेटफ्लिक्स इंडिया पर ट्रेंड कर रही है। इसके साथ उन्होंने पोस्ट को इस प्रकार कैप्शन दिया, रैंपेज़ जारी है, बॉक्स ऑफिस को आग लगाने के बाद पुष्पा 2: द रूल अब नेटफ्लिक्स पर ग्लोबली ट्रेंड कर रही है, और हर जगह जबरदस्त सराहना मिल रही है। बता दें, पुष्पा 2 बीती 30 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर देखी जा रही है। पुष्पा 2 जो कि सुकुमार द्वारा निर्देशित है, में अल्लु अर्जुन , रश्मिका मंदाना और फ़हाद फासिल मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को मैत्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, और इसका संगीत टी-सीरीज नेदिया है। यह फिल्म 5 दिसंबर 2024 को रिलीज हुई थी और अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। बता दें, पुष्पा 2 भारत की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। पुष्पा 2 आमिर खान की फिल्म दंगल (2000 करोड़ रुपये से ज्यादा) की कमाई से पीछे रह गई है। वहीं, पुष्पा 2 ने साउथ सिनेमा की सबसे कमाऊ फिल्म बाहुबली 2 की कमाई (1819 करोड़ रु) का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. पुष्पा 2 की कमाई 1900 करोड़ रुपये के आसपास है, लेकिन पुष्पा 2 भारत में सबसे ज्यादा कमाई (1233 करोड़ रुपये से ज्यादा) वाली फिल्म बन गई है।

# जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ का खौफनाक ट्रेलर रिलीज



### 2 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, फ्रेंचाइजी की सातवीं फिल्म जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. इस फ्रेंचाइजी की यह फिल्म 3 साल के लंबे इंतजार बाद आ रही है। ट्रेलर एक्शन से भरपूर और धमाकेदार है जिसे देखने के बाद फिल्म के लिए और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ जाती है. ट्रेलर के साथ ही फिल्म के मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का एलान भी कर दिया है.जुरासिक वर्ल्ड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि जंगल में हर तरफ खतरा मंडरा रहा है वहीं डायनासोर का धरती से अंत होने वाला है. लोगों के पास यह आखिरी मौका है जिसमें वे डायनासोर का डीएनए ले सकते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में स्कारलेट जोहानसन को मिशन सौंपा जाता है जिसमें उन्हें जिंदा डायनासोर के डीएनए लेने का काम दिया जाता है. उनके इस मिशन में डॉ. हेनरी लूमिस, डंकन किनकैड भी साथ देते हैं। ये एक ऐसा मिशन होगा जिसमें इस पाए गए डीएनए से इंसानी जीवन को बचाया जा सकता है। इसी बीच फिल्म में डायनासोर और इंसानों के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा और डायनासोर की दहाड़ सुनने को मिलेगी। बता दें फिल्म 2 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।दिलचस्प बात ये है कि जुरासिक वर्ल्ड फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 31 साल पहले रिलीज हुई थी। जुरासिक पार्क साल 1993 में रिलीज हुई थी और दुनियाभर के दर्शकों ने इसे खूब पसंद किया था. जिसके बाद द लास्ट वर्ल्डः जुरासिक पार्क (1997), जुरासिक पार्क 3 (2001), जुरासिक वर्ल्ड (2015), जुरासिक वर्ल्डः फॉलन किंगडम (2018), जुरासिक वर्ल्ड डोमिनियन (2022) में रिलीज हुई थी। अब इसका 7वां पार्ट जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 2025 में रिलीज होने वाली है। फिल्म में मोसासौर, वेलोसिरैप्टर, स्पेनोसॉरस जैसी डायनासोर की प्रजातियां देखने को मिलेंगी। फिल्म उस वक्त पर बेस्ड होगी जब धरती का वातावरण डायनासोर के लिए अनसूटेबल हो गया था। तब सिर्फ कुछ ही इलाकों में डायनासोर पाए जाते थे। इस फिल्म को गैरेथ एडवर्ड्स ने किया है और फिल्म में स्कारलेट जोहानसन, जोनाथन बेली, रूपर्ट फ्रेंड, महेरशला अली, मैनुअल गार्सिया-रुल्फो, लूना ब्लाइस, एड स्क्रेन, डेविड इआकोनों जैसे कलाकार नजर आएंगे।

CMYK

# छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अंदेशा

» छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को लेकर सर्वे शुरू

» 7 दिनों के अंदर मांगी गई सारी जानकारी

» छत्तीसगढ़ के तमाम जिलों के मुतवल्लियों के नाम से आदेश जारी

» प्रदेश के कई मुतवल्लियों ने वक्फ संपत्तियों में जमकर लूट मचाई

» सारी संपत्तियों की जानकारी ऑनलाइन होगी




रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को लेकर सर्वे शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के सीईओ ने प्रदेश के तमाम मुतवल्लियों और इंतजामिया कमेटी को पत्र लिखकर 7 दिनों के भीतर वक्फ बोर्ड के नाम पर मौजूद तमाम तरह की संपत्तियों का ब्योरा देने को कहा है। जानकारी मिलने के बाद वक्फ बोर्ड की तरफ से इन तमाम संपत्तियों का विवरण सेंट्रल सर्वर पर अपलोड किया जाएगा। वक्फ बोर्ड के चेयरमैन इसे मुस्लिम समाज की बेहतरी की दिशा में उठाया गया कदम मान रहे हैं। बहरहाल, वक्फ बोर्ड के आदेश को व्हाट्सऐप ग्रूप के जरिए भी मुतवल्लियों तक पहुंचा दिया गया है। बहुत जल्द इसे लेकर प्रदेश के तमाम कलेक्टर को भी निर्देश दिया जाएगा। अगर किसी मुतवल्ली ने वक्फ संपत्तियों की जानकारी छिपाई और वो वक्फ बोर्ड की जानकारी में आ गए, तो उसे शत्रु संपत्ति घोषित कर राजसात की कार्रवाई भी की जाएगी।

## मस्जिदों से बाकायदा ऐलान कराने का भी निर्देश

छत्तीसगढ़ के तमाम जिलों के मुतवल्लियों के नाम से जारी ये आदेश छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. एस ए फारुकी की है। इस आदेश के जरिए उन्होंने तमाम मुतवल्लियों के अधीन आनेवाली हर तरह की वक्फ संपत्तियों की जानकारी मांगी है। इन संपत्तियों में मस्जिद, मदरसा, दरगाह, कब्रिस्तान, ईदगाह, खानकाह, इमामबाड़ा, ताजिया चौकी के साथ साथ मकान, दुकान, कृषि भूमि, स्कूल, प्लॉट, वक्फ अलल औलाद जैसी संपत्ति शामिल हैं।
इन तमाम संपत्तियों से जुड़े राजस्व रिकार्ड, जैसे वक्फनामा, हिबानामा, वक्फ डीड, नजूल शीट की कॉपी वक्फ बोर्ड ने मांगी है। इसके लिए सात दिनों का समय दिया गया है। जारी आदेश में तमाम मुतल्लियों को शुक्रवार की नमाज के बाद मस्जिदों से बाकायदा ऐलान कराने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि समाज के किसी भी लोग के पास वक्फ संपत्ति को लेकर कोई जानकारी हो तो वो भी वक्फ बोर्ड तक पहुंचा सके।

## ऐसी सर्वे की जरुरत क्यों पड़ी ?

अब सवाल यह है, कि आखिर ऐसी सर्वे की जरुरत क्यों पड़ी? जब कोई संपत्ति अल्लाह के नाम दान कर दी जाती है तो उसकी जानकारी वक्फ बोर्ड को ही क्यों नहीं है,जो उसे मुतवल्लियों से मांगना पड़ रहा है। राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज कहते हैं प्रदेश के कई मुतवल्लियों ने वक्फ संपत्तियों में जमकर लूट मचाई है। वक्फ यानी दान की गई संपत्तियों में कुछ की ही जानकारी वक्फ बोर्ड को दी, बाकियों का इस्तेमाल निजी मालिकाना हक जैसा किया। उसे अपने फायदे के लिए यूज किया। कई जगह तो इन संपत्तियों को बेच तक डाला गया। इसके चलते कई मुतल्वियों पर एफआईआर तक हुए हैं। डॉ. सलीम राज कहते हैं, जब सारी संपत्तियों की जानकारी ऑनलाइन होगी, तो पारदर्शिता आएगी। इससे वक्फ बोर्ड को मिलने वाला फंड बढ़ेगा और इस फंड से समाज की गरीब, बेवा की बेहतरी के लिए काम हो सकेंगे।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस के आधा दर्जन नेता बीजेपी में शामिल


बिलासपुर,07 फरवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित अन्य दलों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। इसी बीच बिलासपुर की राजनीति में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है।कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए लाल्टू घोष सहित छह वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, टिकट वितरण को लेकर असंतोष के कारण इन नेताओं ने पार्टी छोड़ने का फैसला किया। पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर अग्रवाल ने इन सभी नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलवाई।

### राजधानी में टीवी चैनल स्टूडियो में लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान



रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। टीवी चैनल के मेन स्टूडियो में रात के समय भीषण आग लगने से बड़ी क्षति होने की आशंका जताई जा रही है। बता दे की रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित निजी टीवी चैनल के मेन स्टूडियो में आधी रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच अचानक स्टूडियो से धुंआ उठते हुए देखा गया, जिसके बाद चैनल के स्टाफ ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दीं।

### श्मशान में दो लोग कर रहे थे तंत्र-मन्त्र



» बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पकड़ा

रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। रायपुर के वार्ड क्रमांक 50 (विद्याचरण शुक्ल वार्ड) का है। बताया जा रहा है कि देर रात श्मशान घाट में दो लोग काले कपड़े पहनकर पूजा-पाठ कर रहे थे। स्थानीय लोगों को जब इस बात की भनक लगी, तो वहां हंगामा मच गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। आरोप है कि ये लोग वार्ड चुनाव को प्रभावित करने के लिए तंत्र-मंत्र कर रहे थे। इस घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा तेज हो गई और राजनीति भी गरमा गई है।

### बीच सड़क पर कार रोककर मनाया जन्मदिन




» पुलिस ने 300 रुपए का काटा चालान

» हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

बिलासपुर,07 फरवरी 2025(ए)। राजधानी रायपुर में बीच सड़क केक काटने के मामले में हाईकोर्ट की फटकार के बाद आरोपी के खिलाफ एफ आईआर दर्ज की गई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डबल बेंच में मामले की पुनः सुनवाई हुई। कोर्ट ने मुख्य सचिव से जवाब मांगा है. मामले में अगली सुनवाई 20 फरवरी को होगी।

### विभागीय परीक्षा में हुआ बड़ा घोटाला



» पति-पत्नी,साली और सगे भाई सहित 22 लोग बने आरआई

रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। प्रदेश में राजस्व निरीक्षक विभागीय परीक्षा में बड़ा घोटाला सामने आया है। विभागीय परीक्षा में पति-पत्नी, साली और सगे भाई सहित 22 लोगों को एक साथ बैठाया गया था। नतीजे आने के बाद यह सभी पटवारी से आरआई बन गए। अधिकारियों ने जांच में पाया कि परीक्षा से पहले पेपर आउट हो चुका था। बताया जा रहा है कि फर्जीवाड़े को दबाने के लिए राजस्व विभाग के जनसूचना अधिकारी द्वारा 29 जनवरी 2025 को आरटीआई में जानकारी दी गई थी कि जांच प्रक्रियाधीन है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने लिखा विधायकों को पत्र



रायपुर, 07 फरवरी 2025 (ए)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के विधायकों और सांसदों को 13 फरवरी को प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान स्नान के लिए आमंत्रित किया है। इस यात्रा के लिए सांसद संतोष पांडेय और विधायक सुशांत शुक्ला से संपर्क करने को कहा गया है। डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के सांसदों और विधायकों के नाम लिखी चिट्ठी में बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित महाकुंभ में शामिल होने के लिए सभी को प्रयागराज आमंत्रित किया है। उन्होंने पत्र में बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार सनातन धर्म के इस महानतम अनुष्ठान को और भी अधिक भव्य रूप में आयोजित किया है। संगम तट पर छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए विष्णुदेव साय सरकार की ओर से आवास और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है, जिसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है।

## आने वाले दिन में प्राइवेट स्कूल मान्यता घोटाले में उनके द्वारा होगा बड़ा खुलासा



रायपुर,07 फरवरी 2025 (ए)। प्रदेश के कई जगहों के प्राइवेट स्कूलों में हो रहे मान्यता घोटाले पर प्रवक्ता कांग्रेस विकास तिवारी ने कहा कि प्रदेश के हज़ार से अधिक प्राइवेट स्कूल जिनकी मान्यता सीजी बोर्ड के अंग्रेजी माध्यम की है जो कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवी और कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं की उनके संचालको द्वारा सीबीएसई की मान्यता बता कर छात्रों का भविष्य बर्बाद किया,पालकों से मोटी फीस भी वसूल किया अब शिक्ष विभाग द्वारा कक्षा पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा का निर्णय लिया गया और परीक्षा तिथि घोषित की गई तो फर्जी सीबीएसई स्कूल संचालक छात्रों को सीजी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। विकास तिवारी ने बताया कि पिछले एक वर्षो से उनके द्वारा शिक्षा सचिव,लोक शिक्षण संचालन,संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर,बिलासपुर,जिला शिक्षा अधिकारीयो को मय दस्तावेज शिकायत किया था की मान्यता के नाम पर प्राइवेट स्कूल संचालक बड़ा घोटाला कर रहे है जिससे लाखो छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इससे घबराकर शिक्षा माफियो द्वारा उन पर गलत प्रकरण दर्ज करवा कर जेल भेज दिया गया था। विकास तिवारी ने कहा की आने वाले दिन में प्राइवेट स्कूल मान्यता घोटाले में उनके द्वारा बड़ा खुलासा दस्तावेजों के साथ किया जाएगा।

## डा. रमन कर रहे आचार संहिता का उल्लंघन



### कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की शिकायत

रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह पर आसन्न नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार किए जाने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस ने बकायदा राज्य निर्वाचन आयुक्त को एक शिकायत पत्र भी सौंपा है। आयोग को भेजे गए शिकायती पत्र में कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। पूर्व सीएम डा. रमन सिंह संवैधानिक पद पर हैं, इसीलिए वर्तमान समय में नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा का प्रचार-प्रसार करना आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। कांग्रेस विधि विभाग के अध्यक्ष के हस्ताक्षर से जारी यह पत्र राज्य निर्वाचन आयोग में दिया गया है।




## बाल-बाल बचे मुकेश चंद्राकर के भाई युकेश

जगदलपुर,07 फरवरी 2025(ए)। मुकेश चंद्राकर के भाई युकेश बाल-बाल बचे। ट्रक ने कार को ठोकर मार दी। जिस पर युकेश ने अपनी जान को खतरा बताते हुए कहा, क्या मुझे कोई ख़तरा है ? बीजापुर से भाई मुकेश चंद्राकर की गाड़ी लेकर वकील से मिलने जगदलपुर के लिए निकला था। ट्रक ने ठोकर मारी, ठोकर मारकर रुके बिना घसीटने लगा । जब ट्रक को किनारे लगाकर रोकने कहा तो वह ट्रक लेकर भाग गया है। गाड़ी में मैं अपनी पत्नी और पत्रकार साथी सतीश अल्लूर जी के साथ था, हम तीनों सुरक्षित हैं अभी (फिलहाल), क्या मैं और मेरा परिवार सुरक्षित हैं ?

## सेंट्रल जेल के सहायक अधिक्षक व दो आरक्षक निलंबित




रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। राजधानी स्थित सेंट्रल जेल में दो दिन पहले हुई मारपीट की घटना के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए जेल के सहायक अधीक्षक गायकवाड़ के साथ आरक्षक पवन जायसवाल और जागेश्वर कुर्रे को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जेल अधीक्षक के निर्देश पर की गई, जिसमें तीनों अधिकारियों को ड्यूटी में लापरवाही और बंदियों के साथ दुर्व्यवहार का दोषी पाया गया।बताया जाता है कि दो दिन पूर्व सेंट्रल जेल में कथित लेडी डॉन के पति के साथ मारपीट को लेकर विवाद हुआ था। इससे पहले भी इन अधिकारियों पर कई बार बंदियों से दुर्व्यवहार करने के आरोप लग चुके हैं। प्रशासन का कहना है कि जेल में अनुशासन बनाए रखने और बंदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सीजीपीएससी घोटाले में बड़ी कार्रवाई

» पूर्व अध्यक्ष के रिश्तेदारों समेत छह गिरफ्तार...

» 50 लाख का सामान भी जब्त




रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में सीजीपीएससी घोटाले में रायपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जेल में बंद पीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के साले व उसकी पत्नी समेत छह लोगो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों के कब्जे से 50 लाख का सामान जब्त कर 15 लाख रूपये होल्ड भी कराया गया है। आरोपियों ने 60 से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 5 करोड़ से अधिक की ठगी की थी।मालूम हो कि रायपुर पुलिस ने 29 जनवरी 2025 को टामन सिंह सोनवाली के साले व उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद दोनों को रिमांड में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद मामले में चार और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## छत्तीसगढ़ को मिला नया आईएएस अफसर

» मणिपुर कैडर के अधिकारी ने शादी के कारण बदला कैडर

रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ को एक और आईएएस अधिकारी मिल गया है। मणिपुर कैडर के आईएएस अभिजीत बबन पठारे ने छत्तीसगढ़ कैडर की आईपीएस अधिकारी मानसी नानाभाऊ साकोरे से शादी के चलते अपना कैडर बदलने की अनुमति मांगी थी, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। इस संबंध में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के अवर सचिव संजय चौरसिया ने आदेश जारी कर दिया है।



### छत्तीसगढ़ आईएएसऑफिसर्स एसोसिएशन ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की

रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी निहारिका बारिक सिंह को कार्यकारिणी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है, जबकि अमित कटारिया को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। इसके अलावा, रजत कुमार को सचिव और अभिजीत सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष को कार्यकारिणी के शेष सदस्यों के चयन के लिए अधिकृत किया है।





## व्हीआईपी रोड पर हंगामा करने वाले महिला-पुरुष पुलिस रिमांड पर

रायपुर,07 फरवरी 2025(ए)। रायपुर के व्हीआईपी रोड पर5 फ़रवरी की आधी रात को तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मारी। इस हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को मेकाहारा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। कार में भारत सरकार लिखा हुआ था,जिसमें एक युवक और विदेशी लड़की सवार थे। हादसे के बाद युवती ने हंगामा मचाया. मामले में तेलीबांधा पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। हंगामा करने वाली युवती के बारे में पुलिस पूछताछ में पता चला कि लड़की रशियन नहीं बल्कि उज्बेकिस्तान से रायपुर आई थी। यह भी पता चला है कि वो भारत 30 जनवरी को टूरिस्ट वीजा पर आई थी। नशे में धुत युवती को भारत सरकार लिखी कार के अंदर गोद में बैठाने वाला शख्स डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की तेज़ रफ्तार कार में था। वह उज्बेकिस्तानी युवती नोदिरा ताशकंद (29 वर्ष) के साथ था। उस व्यक्ति की पहचान डीआरआई के विशेष लोक अभियोजक, महावीर नगर (थाना राजेंद्र नगर) निवासी, भावेश आचार्य (39 वर्ष) के रूप में हुई है,जो खुद भी नशे में था. फिलहाल, दोनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है और मामले में आगे पूछताछ की जाएगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)